रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/93 REGD. NO. D.L.-33004/93

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-Section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 200] नई दिल्ली, बुधवार, मार्च 31, 1993/चैत्र 10, 1915
No. 200] NEW DELHI, WEDNESDAY, MARCH 31, 1993/CHAITRA 10, 1915

वाणिज्य मंत्रालय

अधिसूचना सं. 1(आर ई)/92--97

नई दिल्ली, 31 मार्च, 1993

का.आ. 222(अ).—विदेश व्यापार (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1992 (1992 की सं. 22) की धारा 5 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार इस अधिसूचना के उपाबन्ध में निहितानुसार निर्यात-आयात नीति, 1992--97 (संशोधित संस्करण : मार्च, 1993) को एतद्द्वारा अधिसूचित करती है। नीति का यह संशोधित संस्करण 1 अप्रैल, 1993 से लागू होगा।

[फाइल सं. आई पी सी/4/5(339)/92/97]

चन्द्र किशोर मोदी, महानिदेशक, विदेश व्यापार और पदेन अपर सचिव

वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना सं. 1(आरई)/92/97 दिनांक 31 मार्च, 1993 का

उपाबन्ध

निर्यात एवं आयात नीति
1 अप्रैल 1992—31 मार्च 1997
(31 मार्च, 1993 तक यथा संशोधित)
वाणिज्य मंत्रालय
भारत सरकार
मार्च, 1992
संशोधित संस्करण, मार्च, 1993

संशोधित संस्करण का आमुख

31 मार्च, 1992 को घोषित निर्यात-आयात नीति 1 अप्रैल, 1992 से 31 मार्च, 1997 तक की 5 वर्षों की अवधि के लिये प्रभावी है और आठवीं योजना अवधि के साथ-साथ समाप्त होगी। इस नीति की घोषणा से आयात नियंत्रण अधिनियम, 1947 के स्थान पर विदेश व्यापार (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1992 रखा गया है और मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात का पदनाम महानिदेशक, विदेश व्यापार कर दिया गया है। नये अधिनियम के उपबन्ध तथा नया पदनाम नियंत्रण और विनियमन के बजाय विदेश व्यापार के संवर्धन तथा विकास के प्रति चालू नीति के लक्ष्य और उसको आगे बढ़ाने की गति को अधिक स्पष्ट शब्दों में प्रतिबिम्बित करते हैं।

2. नीति की घोषणा के समय यह भी व्यक्त किया गया था कि नीति का मूलदर्शन, जहां कहीं भी आवश्यक हो, लाइसेंसिंग प्रतिबन्धों और स्वविवेकपूर्ण नियंत्रणों को निरस्त करके टैरिफ प्रणाली के द्वारा निर्यात और आयात को विनियमित करना है। वर्ष के दौरान यह लक्ष्य यथार्थ रूप में प्राप्त किया गया है। उदारीकरण की गति बढ़ी है और भविष्य में इस दिशा में आगे प्रयास करने की प्रत्याशा है।

3. निर्यात प्रयासों को आगे बढ़ाने और अनेक स्कीमों में बेहतर सुधार करने तथा उनको सुगमता से

लागू करने के लिये 1 अप्रैल, 1993 से प्रभावी नीति में कुछ परिवर्तन किये गये है जिससे कि संदिग्धता और प्रक्रियात्मक जटिलताओं को दूर करके उन्हे अधिक आकर्षक और स्पष्ट किया जा सकता है।

नीति में किए गए कुछ परिवर्तन इस प्रकार है :—

(1) कृषि एवं सेवा क्षेत्रों में उत्पादन, आधुनिकीकरण और प्रतियोगितात्मकता का संवर्धन करके कृषि और सेवा क्षेत्र में निर्यात क्षमताओं को बढ़ाने के विचार से चालू निर्यात-आयात नीति के मुख्य उद्देश्यों को पुनः परिभाषित किया गया है ।

(2) पूंजीगत माल की परिभाषा विस्तृत की गई है ताकि इसकी परिधि में कृषि, खनन और सेवा जैसे विभिन्न क्षेत्रों को लाया जा सके । इससे सीमाशुल्क की रियायती दर पर पूंजीगत माल के आयात क्षेत्र में वृद्धि होगी तथा इन क्षेत्रों में निर्यात लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

(3) सेवा क्षेत्र के लिए निर्यात संवर्धन पूंजीगत माल के लाइसेंस प्रदान करने के लिए एक नई स्कीम शुरू की जा रही है जिसमें वास्तुविदों, डाक्टरों, नैदानिक केन्द्रों, अर्थ-शास्त्रियों, पत्रकारों, वकीलों आदि जैसे व्यवसायिक सेवा प्रदान करने के लिए अपेक्षित उपस्करों का आयात 15% सीमा-शुल्क की रियायती दर पर कर सकेंगे । उनके मामले में भारत और/या विदेश में की गई सेवाओं के लिए मुक्त रूप में परिवर्तनीय मुद्रा में प्राप्त राशि से निर्यात आभार की पूर्ति संबंधित है ।

(4) तदनन्तर, ई पी सी जी योजना के अंतर्गत केवल एक ही 15% सीमाशुल्क की छूट होगी । 25% सीमाशुल्क की वैकल्पिक छूट अब समाप्त कर दी गई है । इसके अति-रिक्त, यदि किसी निर्यातक का कुल निर्यात आभार 75% या अधिक है तो ई पी सी जी स्कीम के अंतर्गत कोई अति-रिक्त निर्यात आभार नहीं होगा ।

(5) निर्यातों की निषेधात्मक सूची में 72 मदों तथा अन्य 72-उप-मदों अर्थात् उनमें से कुल 144 प्रविष्टियों को हटाकर पर्याप्त सुधार किया गया है और शेष मदों को केवल तीन भागों में पुनः गुणवार कर दिया गया है । बिना लाइसेंस के निर्यात के लिए अनुमित लेकिन कतिपय शर्तों के अध्यधीन आने वाली मदों को एक सार्वजनिक सूचना में सूचीबद्ध कर दिया गया है । निर्यात सम्बन्धी प्रक्रियाएं सरल कर दी गई है ।

(6) ई. पी. सी. जी. तथा शुल्क मुक्त स्कीम के अंतर्गत प्रस्तुत की जाने वाली अपेक्षित बैंक गारण्टी की धनराशि कम कर दी गई है और तत्सम्बन्धी प्रक्रिया को और भी सरल बना दिया गया है । लघु क्षेत्र के विनिर्माता निर्यात को और भी लाभ देने के लिए विधिक बचनबद्धता (एल यू टी) के दायरे में आने वाली सामान्य बैंक गारण्टी के 50% की अनुमति दी गई है ।

(7) अनुमेय प्रोत्साहनों की पात्रता के साथ-साथ निर्यात गृहों, व्यापार गृहों तथा स्टार व्यापार गृहों को मान्यता प्रदान करने की कसौटी अब निवल विदेशी मुद्रा अर्जनों की बजाय निर्यात के जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य से सम्बद्ध है।

(8) कृषि और इसके सहायक क्षेत्रों में निर्यात अभिमुख यूनिटों/निर्यात संसाधन जोन यूनिटों के संबंध में घरेलू टेरिफ बिक्री को उनके उत्पादन के 50% तक इस शर्त के अध्य-धीन अनुमत किया गया है कि वे न्यूनतम मूल्य संयोजन और निर्यात आभार को पूरा करते हों । इसके साथ ही निर्यात अभिमुख यूनिटों/निर्यात संसाधन जोन की यूनिटों के लिए मूल्य संयोजन के फार्मूले को देशी स्त्रोतों से प्राप्त निवेश की नहीं बल्कि केवल वास्तविक आयातों की गणना करके, और इसके साथ-साथ पूंजीगत सघन परियोजनाओं में पूंजीगत माल का लम्बी अवधि में ऋण चुकाने की अनुमति देकर युक्तिसंगत बनाया गया है ।

(9) रिफेक्ट्रीज, रबड़ का माल (टायरों के लिए, मोल्डस सहित) ग्लास और ग्लास वेयर्स जिसमें वैक्यूम फ्लास्क भी शामिल है, को उन क्षेत्रों की सूची में शामिल किया गया है जो लाइसेंस के बिना पुराने पूंजीगत माल के आयात के लिए पात्र है ।

(10) आयुर्वेदिक और यूनानी औषधियों के विनिर्माताओं को असुविधा से बचाने के लिए अपरिष्कृत औषधियों की एक अपेक्षित सूची विनिर्दिष्ट की गई है ।

(11) देश में खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए राष्ट्रीय/राज्य स्तर के संगठनों, संघों और ख्याति प्राप्त खिलाड़ियों को बिना लाइसेंस के विनिर्दिष्ट श्रेणियों के खेल के सामान का आयात करने की अनुमति दी गई है ।

(12) शुल्क छूट योजना के कार्यान्वयन में आने वाली कुछ विशेष कमियों को दूर करने में विशेष ध्यान दिया गया है ताकि उनके संभावित दुरूपयोग में बचा जा सके और निर्यात आभारों को पूरा करने का सरल प्रबोधन उपलब्ध करवाया जा सके ।

(13) महानिदेशक, विदेश व्यापार के कार्यालय में एक शिकायत कक्ष स्थापित किया गया है ताकि विदेशी खरीददारों से निर्यात किए गए माल की गुणवत्ता आदि से संबंधित शिकायतों आदि का निदान शीघ्रता से किया जा सके और अधिनियम के अंतर्गत जहां कहीं आवश्यक हो, कार्रवाई की जा सके ।

4 गत कई वर्षों से इस संगठन की अनेक महत्वपूर्ण गतिविधियों को चरणबद्ध रूप में कम्प्यूटरीकृत किया गया है। इस दिशा में हमारे प्रयासों की शृंखला में आयात-निर्यात लाइसेंसों को जारी करने के काम को कम्प्यूटरीकरण के दायरे में लाए जाने का प्रस्ताव है और आशा है कि अगले लाइसेंसिंग वर्ष के दौरान इस संगठन के प्रमुख क्षेत्रीय कार्यालयों में इसे मूर्त रूप दे दिया जाएगा ।

5. निर्यात और आयात नीति, प्रक्रिया पुस्तक और मानक निवेश उत्पादन मानदण्ड (शुल्क छूट स्कीम के अंतर्गत) के संशोधित संस्करण प्रकाशित किए गए हैं और इनमें 31 मार्च, 1993 तक किए गए सभी परिवर्तनों का सम्मिलित किया गया है। ये संशोधित संस्करण 1-4-1993 से मूल संस्करणों का स्थान लेंगे इससे व्यापार और उद्योग को पिछले एक वर्ष के दौरान संबंधित संशोधित संस्करणों में किए गए संशोधनों को सम्मिलित करने में सहायता मिलेगी। सरलता से संदर्भ प्राप्त करने की सुविधा की दृष्टि से एक विस्तृत विषय सूची भी दी गई है जिसमें नीति के पैराग्राफों का प्रक्रिया पुस्तक के संबंधित पैराग्राफों से समक्ष लाने का प्रयास किया गया है।

6. मैं अपनी कर्तव्य परायणता में असफल रहूंगा यदि मैं इस समूचे संगठन और वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त न करूं जिन्होंने इस नीति को अद्यतन करने और संशोधन करने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। मैं वाणिज्य मंत्रालय में राष्ट्रीय सूचना केन्द्र के कम्प्यूटर केन्द्र और भारत सरकार मुद्रणालय को उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए भी आभार व्यक्त करता हूं।

(चन्द्र किशोर मोदी)
महानिदेशक, विदेश व्यापार

नई दिल्ली,
31 मार्च, 1993

अध्याय- एक

भूमिका

1. अधिसूचना:—आयात एवं निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 (1947 का संख्यांक 18) की धारा-3 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार ने 1992—97 की अवधि के लिए निर्यात एवं आयात नीति को 31 मार्च, 1992 को अधिसूचित किया (इसके बाद जो नीति के रूप में संदर्भित है)। यह अधिनियम पहले ही निरस्त कर दिया गया है तथा इसके स्थान पर विदेश व्यापार (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1992 (1992 का संख्यांक 22) लाया गया है। (इसके बाद जो अधिनियम के रूप में संदर्भित है)। इस नीति को अधिनियम की धारा 5 के अधीन अधिसूचित किया गया माना जाए।

2. विनियोग एवं अवधि :—यह नीति 1 अप्रैल, 92 से लागू हुई तथा पांच वर्ष की अवधि तक अर्थात् 31 मार्च, 1997 तक प्रभावी रहेगी।

3. संशोधन:—इस नीति में किसी भी प्रकार का संशोधन करने के लिए केन्द्र सरकार जनहित में अधिकार सुरक्षित रखती है। कोई भी संशोधन सरकारी राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के माध्यम से किया जाएगा।

4. अन्तर्वर्ती व्यवस्था :—पूर्ववर्ती निर्यात-आयात नीतियों के अंतर्गत कोई भी जारी की गई अधिसूचना या सार्वजनिक सूचना या अन्य परिवर्तन तथा जो इस नीति के प्रारम्भ होने से पूर्व लागू थे, यदि इस नीति के प्रावधानों से असंगत न हों, प्रभावी बने रहेंगे तथा इस नीति के अंतर्गत किए गए, जारी किए गए या निष्पादित किए गए माने जाएंगे। इस नीति से पूर्व जारी किए गए लाइसेंस उनमें अनुमित मदों के आयात-निर्यात के लिए मान्य बने रहेंगे।

5. यदि इस नीति के अंतर्गत मुक्त रूप में अनुमित कोई निर्यात या आयात बाद में किसी प्रतिबंध या विनियमन के अध्यधीन किया जाता है, तो जब तक कि अन्यथा निर्धारित न किया जाए, तब तक ऐसे प्रतिबंध या विनियमन के होते हुए भी सामान्य रूप से ऐसे निर्यात या आयात की अनुमति होगी बशर्ते कि ऐसे प्रतिबंध के लागू होने से पहले संस्थापित किए गए किसी अप्रतिसंहरणीय साखपत्र द्वारा समर्थित किसी फर्म आदेश के मद्दे ऐसे प्रतिबंध के लागू होने के 60 दिनों के भीतर निर्यात या आयात के लिए पोतलदान किया गया हो।

अध्याय-दो

उद्देश्य

6. इस नीति के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं:—

(क) भारत के विदेश व्यापार को विश्वव्यापी बनाने के लिए ढांचे को स्थापित करना;

(ख) भारतीय उद्योग की उत्पादकता, आधुनिकीकरण एवं प्रतियोगितात्मकता को बढ़ावा देना तथा इनके निर्यात सामर्थ्य को बढ़ाना;

(ग) माल की गुणावस्था के अन्तर्राष्ट्रीय स्वीकृत स्तरों को प्राप्त करने और उच्च बनाने के लिए प्रोत्साहन देना जिससे कि विदेश में भारत के उत्पादों की छवि को बढ़ावा मिले;

(घ) भारत के निर्यात को बढ़ाने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे माल, मध्यस्थों, संघटकों, उपभोज्यों तथा पूंजीगत माल आसानी से उपलब्ध करवाना;

(ङ) व्यापार के लिए विनियंत्रित ढांचे के अंतर्गत प्रभावी एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगी आयात प्रतिस्थापन एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना;

(च) भारत के विदेश व्यापार पर कुप्रभाव डालने वाले मात्रिक, लाइसेंसिंग और अन्य विवेकाधीन नियंत्रणों को कम अथवा समाप्त करना;

(छ) देश में अनुसंधान तथा विकास और प्रौद्योगिकीय सामर्थ्य को प्रोत्साहन देना, और

(ज) निर्यात एवं आयात को संचालित करने वाली प्रक्रिया को सरल एवं कारगर बनाना।

अध्याय—तीन

परिभाषाएं

7. इस नीति के उद्देश्य के लिए, जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो, निम्नलिखित शब्दों और अभिव्यक्तियों के निम्नलिखित अर्थ होंगे:—

(1) "उपांग" या "संलगनी" का अर्थ है एक पुर्जा, उपसंयोजक अथवा सयोजक जो उपस्कर के मूल कार्यों को परिवर्तित किए बिना उपस्कर के एक टुकड़े की कार्यसाधकता को सहयोग देता है ।

(2) "अधिनियम" का अर्थ है—विदेश व्यापार (विकास और विनियमन अधिनियम, 1992 (1992 का संख्यांक 22) ।

(3) "वास्तविक उपयोक्ता" का अर्थ है वास्तविक उपयोक्ता जो औद्योगिक अथवा गैर-औद्योगिक हो सकता है ।

(4) "वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक)" का अर्थ उस व्यक्ति से है जो अपनी निजी यूनिट में विनिर्माण के लिए अथवा बाहर का ठेका लेने वाली यूनिट सहित किसी अन्य यूनिट में अपने निजी प्रयोग के लिए विनिर्माण के लिए आयातित माल का प्रयोग करता है ।

(5) "वास्तविक उपयोक्ता (गैर-औद्योगिक)" का अर्थ उस व्यक्ति से है जो अपने स्वयं के इस्तेमाल के लिए आयातित सामग्री का निम्न में इस्तेमाल करता हो:—

(1) कोई भी वाणिज्यिक प्रतिष्ठान जो कोई व्यवसाय, व्यापार या पेशा कर रहा हो; या

(2) कोई भी प्रयोगशाला, वैज्ञानिक या अनुसंधान और विकास (आर एण्ड डी) संस्था, विश्वविद्यालय या अन्य शैक्षिक संस्था या अस्पताल; या

(3) कोई भी सेवा उद्योग ।

(6) "आवेदक" का अर्थ है :—

(1) मालिक; या

(2) किसी फर्म का कोई हिस्सेदार; या

(3) (क) किसी कम्पनी या किसी निगम का मुख्य कार्यपालक या कोई अन्य विधिक व्यक्ति; या

(ख) किसी कम्पनी या किसी निगम का कोई पूर्णकालिक निदेशक; या

(ग) किसी ऐसी कम्पनी या निगम के निदेशक बोर्ड द्वारा विधिवत् प्राधिकृत कोई कर्मचारी या किसी सहकारिता समिति सहित कोई अन्य विधिक व्यक्ति ।

(7) "पूंजीगत माल" का अर्थ है माल के, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष विनिर्माण या उत्पादन के लिए या सेवा अर्पित करने के लिए अपेक्षित संयंत्र, मशीनरी, उपस्कर या उपसाधित्र जिनमें प्रतिस्थापन, आधुनिकीकरण, प्रौद्योगिकी उन्नति या विस्तार के लिए अपेक्षित सामग्री भी शामिल है । पूंजीगत माल में पैकेजिंग मशीनरी और उपस्कर, रिफैक्टरी, रेफ्रीजरेशन उपस्कर, ऊर्जा उत्पादक सेट, मशीन के औजार तथा प्रारम्भिक चार्ज के लिए उत्प्रेरक तथा परीक्षण, शोध और विकास, गुणवत्ता और प्रदूषण नियंत्रण के लिए उपस्कर तथा संयंत्र भी शामिल है । पूंजीगत माल का विनिर्माण, खनन, एक्वाकल्चर, पशुपालन, पुष्पोत्पादन, बागवानी, मत्स्यपालन, कुक्कुट पालन और रेशम उत्पादन तथा साथ ही सेवा क्षेत्र में भी इस्तेमाल में लाया जा सकता है ।

(8) निर्यात और आयात के "सरणीबद्ध" का अर्थ है केन्द्र सरकार द्वारा नामजद की गई एजेंसियों के माध्यम से निर्यात और आयात करना ।

(9) "सक्षम प्राधिकारी" का अर्थ है—वह प्राधिकारी जो अधिनियम अथवा उसके अन्तर्गत दिए गए आदेशों अथवा इस नीति के तहत किसी अधिकार का प्रयोग करने, किसी कार्यभार अथवा कर्तव्य को पूरा करने के लिए सक्षम हो।

"संघटक" का अर्थ है वह संयोजन या सयोजन का वह पुर्जा जिससे एक विनिर्मित उत्पाद तैयार किया जाता है या जिसमें वह विघटित हो जाए और जिसमें सहायक या उपयोगी भी शामिल है।

(11) "उपभोज्य" माल का अर्थ है कोई मद जिसको विनिर्माण प्रक्रिया में शामिल किया जाना है या जिसकी आवश्यकता होती है परन्तु जो तैयार उत्पाद का भाग नहीं होती है। मदें जिनको निर्माण के दौरान वास्तविक रूप में या पूर्णतया उपभोग कर लिया जाता है, उन्हें उपभोज्य मद माना जाएगा।

(12) "उपभोक्ता माल" का अर्थ खपत के उस माल से है जो आगामी संसाधन के बिना मनुष्य की आवश्यकताओं को सीधे ही पूरा करेगा और इसमें उपभोक्ता के लिए टिकाऊ माल भी शामिल होगा।

(13) "प्रतिसंतुलन व्यापार" (काउंटर ट्रेड) का अर्थ उस प्रक्रम से है जिसके अन्तर्गत व्यापार समझौता या अन्यथा के तहत आयात/निर्यात करने वाले देश से अथवा तीसरे देश के जरिये सीधे सीधे आयात/निर्यात भारत के आयात/निर्यात से संतुलित होते हों। प्रतिसंतुलित व्यापार (काउंटर ट्रेड) के अन्तर्गत निर्यात/आयात की अनुमति एस्क्रो एकाउंट, वापस खरीदने की व्यवस्था, वस्तु विनिमय व्यापार या किसी ऐसी ही अन्य व्यवस्था के अन्तर्गत दी जा सकती है। ऐसा प्रतिसंतुलन पूर्णतया या आंशिक तौर पर नकद माल और/या सेवाओं के रूप में हो सकता है।

(14) भारत में विनिर्मित और निर्यात किए गए किसी माल के सम्बन्ध में "शुल्क वापसी" का अर्थ है किसी आयातित माल पर अथवा ऐसे माल के विनिर्माण में प्रयुक्त उत्पाद-शुल्क देय माल पर उगाहे जाने वाले शुल्क में कटौती।

(15) "उत्पाद शुल्क देय माल" का अर्थ है— कोई माल जिसका भारत में निर्माण किया गया हो और वह केन्द्रीय उत्पाद शुल्क तथा नमक अधिनियम, 1944 (1944 का एक) के तहत उत्पाद शुल्क के अधीन हो।

(16) "निर्यातक" का अर्थ उस व्यक्ति से है जो निर्यात करता है, निर्यात करना चाहता है और जो निर्यातक-आयातक कोड नम्बर धारी हो।

(17) "निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन" का अर्थ है "निर्यातक" जिसके पास महानिदेशक, विदेश व्यापार द्वारा जारी किया गया निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन प्रमाण पत्र हो।

(18) "निर्यात आभार" का अर्थ है— लाइसेंस अथवा अनुज्ञा में शामिल उत्पाद अथवा उत्पादों का लाइसेंसिंग या सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथा निर्धारित अथवा यथा-निर्दिष्ट मात्रा, मूल्य या दोनों में निर्यात करने का आभार।

(19) "आयातक" का अर्थ उस व्यक्ति से है, जो आयात करता है, आयात करना चाहता है और जो आयातक-निर्यातक कोड नम्बर धारी हो।

(20) "अन्तर्राष्ट्रीय कीमत पर पुनः अदायगी स्कीम" का अर्थ है वह स्कीम जिसमें निर्यात उत्पाद में प्रयुक्त विशेष निवेश के सम्बन्ध में केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर यथा-निर्धारित घरेलू और अन्तर्राष्ट्रीय कीमतों के बीच अन्तर के बराबर धनराशि की पुनः अदायगी करने की व्यवस्था हो।

(21) "लाइसेंस" का अर्थ है अधिनियम के अन्तर्गत मंजूर किया गया कोई लाइसेंस।

(22) "लाइसेंस प्राधिकारी" का अर्थ उस प्राधिकारी से है जो लाइसेंस देने के लिए सक्षम हो।

(23) "लाइसेंसिंग वर्ष" का अर्थ उस वर्ष से है जो प्रथम अप्रैल, से आरम्भ होकर आगामी वर्ष के 31 मार्च को समाप्त हो।

(24) "विनिर्माण का अर्थ है— विशेष नाम, गुण उपयोग वाला नया उत्पाद जो हाथ अथवा मशीन से बनाया, उत्पन्न किया, बढ़ा गया, संयोजित किया गया, संसाधित किया गया अथवा तैयार किया गया हो तथा इसमें प्रक्रियाएं शामिल है, जैसे रेफ्रीजरेशन पुनः पैकिंग, पालिशिंग, लेबल लगाना तथा वियोजन इस नीति के प्रयोजन हेतु विनिर्माण में कृषि एक्वाकल्चर पशुपालन, पुष्पोत्पादन, बागवानी, मत्स्यपालन, कुक्कुट पालन तथा रेशन उत्पादन भी शामिल है।

(25) "विनिर्माता निर्यातक" का अर्थ उस व्यक्ति से है जो माल का निर्माण करता है तथा उनका निर्यात करता है अथवा ऐसे माल का निर्यात करना चाहता है।

(26) "व्यापारी निर्यातक" का अर्थ उस व्यक्ति से है जो व्यापार के कार्य और निर्यातक के कार्य में संलग्न हो अथवा माल निर्यात करना चाहता हो।

(27) "अधिसूचना" का अर्थ उस अधिसूचना से है जो राजपत्र में प्रकाशित की जाए।

(28) "आदेश" का अर्थ अधिनियम के अन्तर्गत केन्द्र सरकार द्वारा किए गए आदेश से है।

(29) "पुर्जे" का अर्थ है उपसंयोजन या संयोजन का एक तत्व जो सामन्यतया स्वयं उपभोगी न हो और जो रख-रखाव के उद्देश्य के लिए आगे से असंयोजन के लिए संशोधन करने के योग्य न हो। "पुर्जा" एक संघटक अथवा उपसाधक हो सकता है।

(30) "व्यक्ति" का अर्थ है एक व्यक्ति, फर्म, सोसायटी, कम्पनी, कार्पोरेशन अथवा अन्य कोई वैध व्यक्ति।

(31) "नीति" का अर्थ समय-समय पर यथासंशोधित निर्यात-आयात नीति, 1992—97 से है।

(32) "निर्धारित" का अर्थ है विदेश व्यापार (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1992 अथवा इसके तहत अथवा इस नीति के अन्तर्गत बनाए गए नियम या आदेश।

(33) "सार्वजनिक सूचना" जनता की सूचना के लिए नीति के तहत प्रकाशित सूचना।

(34) "कच्ची सामग्री" का अर्थ है—

(1) मूल सामग्री जिसकी माल के विनिर्माण में आवश्यकता होती है परन्तु वह कच्ची, स्वाभाविक अपरिष्कृत अथवा अविनिर्मित अवस्था में हो।

(2) किसी विनिर्माता के लिए वह सामग्री या माल जिसकी उसे विनिर्माण प्रक्रिया में आवश्यकता होती हो, चाहे वह सामग्री या माल वास्तव में पहले से विनिर्मित हो या उनको संसाधित किया जाए या वह अब भी कच्ची या स्वाभाविक अवस्था में हो।

(35) "पंजीकरण-सह-सदस्यता प्रमाण पत्र" का तात्पर्य अध्याय 13 में सूचीबद्ध किसी निर्यात संवर्धन परिषद या किसी अन्य संबंधित प्राधिकारी द्वारा प्रदान की गई सदस्यता तथा पंजीकरण के प्रमाण-पत्र से है।

(36) "नियम" का अर्थ अधिनियम के खण्ड-19 के अन्तर्गत केन्द्र सरकार द्वारा बनाए गए नियम से है।

(37) "अतिरिक्त पुर्जा" का तात्पर्य प्रतिस्थापन के लिए किसी उप-असेम्बली या असेम्बली के अर्थात किसी समान या एक ही तरह के भाग या उप-असेम्बली या असेम्बली के स्थान पर रखे जाने वाले किसी भाग से है। अतिरिक्त पुर्जे में संघटक या सहायक उपकरण शामिल होते है।

(38) "विनिर्दिष्ट" का तात्पर्य इस नीति के प्रावधानों द्वारा या के तहत विनिर्दिष्ट से है।

अध्याय–चार

निर्यात एवं आयात से सम्बन्धित सामान्य प्रावधान

8. विनियमित होने की स्थिति के अतिरिक्त स्वतन्त्र रूप से निर्यात एवं आयात .

इस नीति के प्रावधानों अथवा देश के अन्य सम्बद्ध कानूनों द्वारा विशेषतया विनियमित को छोड़कर समस्त निर्यात एवं आयात मुक्त होगा।

9. विनियमन का प्रकार .

केन्द्र सरकार लोकहित में आयात अथवा निर्यात किए जाने वाले माल को आयात के लिए निषेधात्मक सूची अथवा निर्यात के लिए निषेधात्मक सूची, जैसाकि मामला हो, के द्वारा विनियमित करेगी।

10. निषेधात्मक सूचियां .

निषेधात्मक सूचियों में आयात अथवा निर्यात किए जाने वाला वह माल है जो लाइसेंसिंग द्वारा अथवा अन्यथा रूप से अथवा सरणीबद्ध रूप से प्रतिबंधित है। आयात की निषेधात्मक सूची तथा निर्यात की निषेधात्मक सूची इस नीति में दी गई अनुसार होगी।

11. **निषिद्ध माल :**

निषिद्ध माल का आयात अथवा निर्यात नहीं किया जाएगा ।

12. लाइसेंसिंग :

कोई भी माल जिसका निर्यात अथवा आयात लाइसेंसिंग के द्वारा प्रतिबन्धित किया गया है। इसके लिए जारी किए गए लाइसेंस के अनुसार ही निर्यात अथवा आयात किया जा सकेगा।

13. शर्तें

लाइसेंस पर शर्तें लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा यथा-विनिर्दिष्ट होंगी तथा इसमें निम्नलिखित सम्मिलित होंगे :—

(क) माल की मात्रा, विवरण एवं मूल्य,

(ख) वास्तविक उपभोक्ता शर्तें, यदि कोई है ;

(ग) निर्यात आभार, यदि कोई है;

(घ) प्राप्त किया जाने वाला मूल्य संयोजन, यदि कोई है ;

(ङ) न्यूनतम निर्यात मूल्य, यदि कोई है; और

(च) उद्गम का देश अथवा माल का गंतव्य स्थल।

14. वैधता की अवधि

प्रत्येक लाइसेंस विशिष्टीकृत अवधि तक होगा और यदि लाइसेंस में कोई अवधि नहीं दी गई है तो वह लाइसेंसिंग वर्ष के 31 मार्च तक वैध होगा।

15. लाइसेंस अधिकार नहीं

कोई भी व्यक्ति लाइसेंस को अधिकार समझकर नहीं ले सकता तथा लाइसेंस प्राधिकारी लाइसेंस देने से इंकार करने का अधिकार रखता है।

16. प्रक्रिया .

महानिदेशक, विदेश व्यापार किसी एक मामले में अथवा मामलों की श्रेणी में किसी भी आयातक अथवा निर्यातक या अन्य लाइसेंसिंग सक्षम अथवा अन्य प्राधिकारी इस अधिनियम के प्रावधानों इसके अधीन बने आदेश तथा इस नीति को लागू करने के उद्देश्य से कोई विशेष प्रक्रिया निर्धारित कर सकता है। ऐसी प्रक्रियाएं प्रक्रिया पुस्तक में शामिल की जाएंगी तथा सार्वजनिक सूचना के माध्यम से प्रकाशित किया जाएगा। इसी तरह ऐसी प्रक्रियाओं को समय-समय पर संशोधित किया जाएगा।

17. सरणीकरण :

कोई भी मद जिसका आयात अथवा निर्यात सरणीबद्ध किया गया है, निषेधात्मक सूची में विशिष्टीकृत सरणीबद्ध अभिकरण द्वारा आयात अथवा निर्यात किया जाएगा। तथापि, महानिदेशक, विदेश व्यापार किसी सरणीबद्ध मद के आयात अथवा निर्यात के लिए किसी अन्य व्यक्ति को लाइसेंस दे सकता है।

18. आयातक-निर्यातक कोड नम्बर .

महानिदेशक, विदेश व्यापार द्वारा इस संबंध में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार आवेदन पर सक्षम प्राधिकारी आयातक-निर्यातक कोड (आई ई सी) नम्बर प्रदान करेगा। इस नीति के किसी अन्य प्रावधान के अन्तर्गत विशेषतया प्राप्त छूट के अतिरिक्त आयात-निर्यातक कोड नम्बर (आई ई सी) के बिना कोई भी व्यक्ति निर्यात अथवा आयात नहीं कर सकेगा।

19. कानून का अनुपालन

प्रत्येक निर्यातक या आयातक को विदेश व्यापार (विकास तथा विनियमन) अधिनियम, 1992 इसके अन्तर्गत बनाए गए नियमों और आदेशों, इस नीति के प्रावधानों तथा उसको दिए गए लाइसेंस की शर्तों तथा साथ ही उस समय लागू किसी अन्य कानून के प्रावधानों का अनुपालन करना होगा।

20. नीति का स्पष्टीकरण

इस नीति में दिए गए किसी भी प्रावधान के स्पष्टीकरण के बारे में यदि किसी भी प्रकार का प्रश्न अथवा शंका उत्पन्न होती है तो उक्त प्रश्न अथवा शंका को महानिदेशक, विदेश व्यापार को भेजा जाएगा तथा उसका निर्णय अन्तिम होगा।

21 नीति/प्रक्रिया में ढील

इस नीति अथवा किसी प्रक्रिया के प्रावधानों में ढील प्राप्त करने के अनुरोध को, आवेदक की वास्तविक कठिनाई अथवा नीति या प्रक्रिया को कड़ाई से लागू करने पर अथवा व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना पर महानिदेशक,

विदेश व्यापार को आवश्यक होने के लिए भेजा जाए तथा उस पर महानिदेशक विदेश व्यापार जैसा उचित समझे, ऐसा आदेश पारित कर सकता है या ऐसी छूट या राहत प्रदान कर सकता है। महानिदेशक विदेश व्यापार लोकहित में किसी व्यक्ति या वर्ग या व्यक्तियों की श्रेणी को इस नीति के किसी प्रावधान या किसी प्रक्रिया से छूट दे सकता है और ऐसी छूट देते समय जैसा कि वह उचित समझे ऐसी शर्तें लगा सकता है।

21क विदेशी केताओं से प्राप्त शिकायतों की निगरानी यदि महानिदेशक, विदेश व्यापार के ध्यान में यह बात आती है अथवा उसके पास इस बात पर विश्वास करने के कारण हों कि कोई निर्यात या आयात इस ढंग से किया गया हो जोकि (1) भारत का किसी भी बाहरी देश से व्यापारिक संबंधों के प्रति अधिक प्रतिकूल हो, या (2) निर्यातों या आयातों में लगे हुए अन्य व्यक्तियों के हितों के प्रतिकूल हो; या (3) देश की साख या लाभ को ठेस पहुंचा हो तो महानिदेशक, विदेश व्यापार, अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार संबंधित निर्यातक या आयातक के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई कर सकता है।

अध्याय—पांच

आयात

22 मुक्त आयात—पूंजीगत माल, कच्चे माल, मध्यस्थों, संघटकों, उपभोज्य पदार्थों, अतिरिक्त पुर्जों, उपसाधित्रों, यन्त्र और अन्य माल का आयात बिना किसी प्रतिबन्ध के किया जा सकता है जब तक कि उनका आयात, आयात की निषेधात्मक सूची या इस नीति के किसी अन्य प्रावधान या उस समय लागू किसी अन्य कानून द्वारा नियंत्रित न हो।

23 वास्तविक उपयोक्ता शर्तें—पूंजीगत माल, कच्चा माल, मध्यस्थ, संघटक, उपभोज्य पदार्थ, अतिरिक्त पुर्जे, उपसाधित्र, यन्त्र और अन्य सामान जिनके आयात पर प्रतिबन्ध नहीं है उनका आयात किसी भी व्यक्ति द्वारा किया जा सकता है चाहे वह वास्तविक प्रयोक्ता हो अथवा नहीं तथापि, यदि इनके आयात के लिये लाइसेंस की जरूरत हो, तो केवल वास्तविक प्रयोक्ता ही ऐसे माल का आयात तब तक कर सकता है जब तक कि लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा बन्द न किया जाये।

उपभोक्ता वस्तुओं के मामले में आयातों की निषेधात्मक सूची में सूचीबद्ध वस्तुओं को छोड़कर उनके संघटकों, पुर्जों, अतिरिक्त पुर्जों तथा उपसाधित्रों का आयात वास्तविक उपभोक्ता शर्त के अध्यधीन बिना लाइसेंस के किया जा सकता है।

24 पुराना माल—पैरा 22 तथा 23 में कोई प्रावधान होते हुए भी पुराने पूंजीगत माल और अन्य पुराने माल का आयात तब तक नहीं किया जा सकता है जब तक कि इस नीति द्वारा अनुमति न दी गई हो या उसके सम्बन्ध में जारी किये गये लाइसेंस के अनुसार न हो।

25 पुराने पूंजीगत माल का लाइसेंस के बिना आयात—इस नीति के परिशिष्ट 3 में विनिर्दिष्ट क्षेत्रों में पुराने पूंजीगत माल का आयात बिना किसी लाइसेंस के किया जा सकता है।

26 लाइसेंस के द्वारा पुराने पूंजीगत माल का आयात—किसी अन्य पुराने पूंजीगत अथवा अन्य पुराने माल के आयात की अनुमति लाइसेंस के तहत दी जा सकती है।

27 आवेदन-पत्र—पुराने पूंजीगत माल के आयात के लिये लाइसेंस प्राधिकारी से आवेदन किया जा सकता है तथा आवेदन पत्र में निम्नलिखित शर्तें होंगी —

(क) पुराने संयंत्र, मशीनरी, उपस्कर तथा उपसाधित्रों का पूर्ण विनिर्दिष्टिकरण और कीमत (कच्चा बीजक) और यदि उपलब्ध हो तो उसके साथ पूंजीगत माल की अलग-अलग कीमत, उखाड़ने की लागत, भाड़े और बीमे का भी वर्णन हो,

(ख) संभरक द्वारा प्रस्तुत की गई निष्पादन गारंटी,

(ग) ऐसे आयात के समर्थन में कारण और पृष्ठ-भूमि जिसमें वे लाभ भी शामिल हैं जो विनिर्माण किये जाने वाले एवं निर्यात किये जाने वाले प्रस्तावित उत्पादों की पूंजी लागत, उत्पादन तथा कीमतों में होंगे, और

(घ) उक्त पूंजीगत माल की मियाद और अवशिष्ट जीवन-अवधि को सत्यापित करते हुए किसी व्यावसायिक निष्पक्ष सनदी इंजीनियर या जिस देश से पुराने पूंजीगत माल का आयात किया गया हो उसके इंजीनियरों की किसी संस्था से निर्धारित प्रपत्र में एक प्रमाण-पत्र।

28 पुरानी मशीनरी के आयात की शर्तें—उपर्युक्त पैराग्राफ 25 और 26 द्वारा शामिल किये गये पुराने पूंजीगत माल सात वर्षों से अधिक पुराने नहीं होंगे तथा उनकी न्यूनतम अवशिष्ट जीवन अवधि पांच वर्षों की होगी। उपर्युक्त मामलों में सात वर्षों की शर्त में छूट दी जा सकती है। सभी मामलों में पुराने पूंजीगत माल का आयात वास्तविक उपयोक्ता शर्त के अध्यधीन किया जायेगा।

29 अन्य पुराना माल—पूंजीगत माल को छोड़कर सभी पुराने माल का आयात केवल इस संबंध में जारी किये गये किसी लाइसेंस अथवा सार्वजनिक सूचना के अनुसार ही किया जा सकता है।

30. पुनः निर्यात आधार पर आयात—निम्नलिखित पूंजीगत माल का आयात पुनः निर्यात आधार पर बिना किसी लाइसेंस के किया जा सकता है :

(क) सीमाशुल्क प्राधिकारियों की सन्तुष्टि के अनुसार बन्धपत्र/बैंक गारंटी देने पर मरम्मत के लिये पूंजीगत माल का आयात;

(ख) जिग्स, फिक्सचर्स, डाईज (कन्टूर रोलर डाईज सहित), माउल्ड्स (डाई-कास्टिंग के लिये माउल्डस सहित) पैटरन मुद्रण औजार और लास्ट; और

(ग) निर्माण मशीनरी तथा अन्य उपस्कर

31. विदेशों में मरम्मत करवाना और बिना लाइसेंस के पुनः आयत करना—आयातित पूंजीगत माल या उनके पुर्जे (उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं को छोड़कर) मरम्मत के लिये विदेश भेजे जा सकते हैं और बिना किसी लाइसेंस के पुनः आयात किये जा सकते है लेकिन शर्त यह है कि सीमाशुल्क विभाग इस तथ्य से सन्तुष्ट हो कि पुनः आयातित माल वही है, जिसका निर्यात किया गया था । वायुयान ओवर हालिंग तथा मरम्मत के लिए उसके इंजन और अतिरिक्त पुर्जों का निर्यात तथा उनका पुनः आयात इस प्रावधान के अन्तर्गत बिना लाइसेंस के किया जा सकता है।

32. लाइसेंस के अधीन—देशी पूंजीगत माल जिसमें आयातित संघटक लगे हों यदि मरम्मत के लिये उन्हें विदेश भेजा जाना आवश्यक हो, तो उसे पुनः आयात के आधार पर महानिदेशक, विदेश व्यापार से ऐसे निर्यात के लिये एक लाइसेंस प्राप्त करने के बाद भेजा जा सकता है।

पुनः आयात के आधार पर ऐसे निर्यात के लिये महानिदेशक विदेश व्यापार से लाइसेंस प्राप्त करने के बाद देशी पूंजीगत माल या पुर्जे या उनके संघटकों को परीक्षण, गुणवत्ता में सुधार या प्रौद्योगिकी उन्नति के लिए विदेश में भेजा जा सकता है।

33. प्रयुक्त मशीनरी और उपस्कर का आयात—विदेश में परियोजनाओं के पूरा हो जाने के बाद परियोजना ठेकेदार विदेशी परियोजना के लिये क्रय और इस्तेमाल का साक्ष्य प्रस्तुत करने के आधार पर बिना लाइसेंस के प्रयुक्त निर्माण उपस्कर, मशीनरी, संबंधित अतिरिक्त पुर्जे, औजार तथा सहायक उपकरण आयात कर सकते हैं । विदेश में परियोजनाओं के पूरा होने के बाद प्रयुक्त कार्यालय उपस्कर तथा वाहन भी बिना लाइसेंस के आयात किये जा सकते हैं लेकिन शर्त यह होगी कि इनका कम से कम एक वर्ष तक इस्तेमाल किया जा चुका हो।

34. उपहारों का आयात—उपहारों के आयात की अनुमति असबाब नियमावली 1976 के अनुसार दी जायेगी । किसी अन्य मामले में उपहारों के आयात के लिये ऐसे संस्थानों और प्रतिष्ठानों द्वारा सीमाशुल्क निकासी परमिट (सी सी पी) अपेक्षित होंगे जो इस संबंध में विनिर्दिष्ट किये जायें । आवेदन करने पर लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा मामले के गुणावगुण पर विचार करने के उपरान्त सीमाशुल्क निकासी परमिट जारी किया जा सकता है । तथापि इस प्रकार का आयात विदेश अंशदायी (विनियमन) अधिनियम, 1976 के अध्यधीन किया जायेगा ।

35. खुले सागर में बिक्री—भारत में आयात करने के लिये खुले सागरों में माल की बिक्री इस नीति या कुछ समय के लिये प्रचलित किसी अन्य कानून के अध्यधीन दी जायेगी ।

36. पड़ोसी देशों के साथ व्यापार—पड़ोसी देशों के साथ व्यापार के मामले में महानिदेशक विदेश व्यापार समय-समय पर यथा-अपेक्षित विशेष अनुदेश जारी कर सकता है ।

अध्याय—छः

निर्यात संवर्धन पूंजीगत माल स्कीम

37. स्कीम—निर्यात संवर्धन पूंजीगत माल (ईपीसीजी) स्कीम के अन्तर्गत पूंजीगत माल का आयात लाइसेंस से किया जा सकता है।

38. रियायती शुल्क पर आयात—पूंजीगत माल (पूंजीगत माल के लागत बीमा भाड़ा मूल्य के 10% तक के अतिरिक्त पुर्जों सहित) का आयात 15% के सीमा शुल्क की रियायती दर पर किया जा सकता है बशर्ते कि निर्यात आधार आयातों के लागत बीमा भाड़ा मूल्य के चार गुना हो । निर्यात आभार आयात लाइसेंस के जारी होने की तारीख से पांच वर्षों की अवधि में पूरा कर लिया जायेगा।

39. पात्रता—स्कीम के अन्तर्गत विनिर्माता-निर्यातक इस नीति के पैराग्राफ 7(7) में यथा-परिभाषित पूंजीगत माल का आयात करने के लिये पात्र हैं । तथापि सेवा क्षेत्र के मामले में अध्याय-छः के प्रावधान लागू होंगे।

40. पूंजीगत माल के आयात के लिये शर्तें—इस स्कीम के अन्तर्गत पूंजीगत माल का आयात वास्तविक प्रयोक्ता शर्त के अध्यधीन होगा । इस स्कीम के अन्तर्गत नये तथा पुरानी दोनों पूंजीगत माल का आयात किया जा सकता है । पुराने पूंजीगत माल के आयात की स्थिति में अध्याय-पांच में दी गई सामान्य शर्तें लागू होंगी। वैयक्तिक मामलों में लाइसेंसिंग प्राधिकारी यथा उपयुक्त शर्तें विनिर्दिष्ट कर सकता है।

41. निर्यात आभार—स्कीम के अन्तर्गत निर्यात आभार को पूरा करने के लिये निम्नलिखित शर्तें लागू होंगी।

(1) निर्यात आभार इस स्कीम के अन्तर्गत आयातित पूंजीगत माल के इस्तेमाल द्वारा विनिर्मित या

उत्पादित माल के निर्यात द्वारा पूरा किया जायेगा।

(2) निर्यात आयातक के नाम से प्रत्यक्ष निर्यात होंगे न कि तीसरे पक्षों के जरिए ।

(3) निर्यात मुक्त रूप से परिवर्तनीय मुद्रा में होगा।

(4) निर्यात वास्तविक निर्यात होंगे, अभिग्रहीत निर्यातों पर विचार नहीं किया जायेगा।

(5) निर्यात आभार–आयातक द्वारा किये गये किसी अन्य निर्यात आभार के अतिरिक्त होगा तथा उसके द्वारा पिछले तीन लाइसेंसिंग वर्षों में अर्जित किये गये एक ही या समान प्रकार के उत्पाद(उत्पादों) के निर्यातों के औसत स्तर के अतिरिक्त होगा । तथापि, शर्त यह है है कि यदि निर्यातक को निर्यात उत्पाद के वार्षिक उत्पादन मूल्य के 75% का निर्यात प्राप्त होता है, तो इस स्कीम के अन्तर्गत निर्यात आभार को उस निर्यात के अन्तर्गत ही माना जायेगा।

(6) जहां निर्माता-निर्यातक ने इस स्कीम तथा शुल्क छूट स्कीम दोनों के अन्तर्गत एक ही निर्यात उत्पाद के विनिर्माण के लिये लाइसेंस लिया हो, वहां शुल्क छूट स्कीम के अन्तर्गत किये गये निर्यात को भी इस स्कीम के अन्तर्गत निर्यात आभार के निष्पादन के रूप में समझा जायेगा;

(7) कम्प्यूटर साफ्टवेयर के निर्यात के मामले में निर्यात आभार पांच वर्षों की अवधि के भीतर पूरा किये जाने वाले आयातों के लागत बीमा भाड़ा मूल्य के चार गुने तक सीमित होगा और विगत औसत को बनाए रखने की आवश्यकता नहीं है; और

(8) लाइसेंसिंग प्राधिकारी गुणावगुण के आधार पर आयातक द्वारा निर्यातों के विगत स्तर को बनाये रखने से संबंधित शर्त में किसी भी स्थिति में छूट दे सकता है तथा निर्यात आभार के पांच वर्षों की अवधि में पूरा किये जाने वाले आयातों के लागत बीमा भाड़ा मूल्य के चार गुना तक सीमित कर सकता है।

42. पूंजीगत माल को लीज पर देना :– कोई ईपीसीजी लाइसेंसधारी पार्टियों के मध्य किसी फर्म संविदा के आधार पर किसी घरेलू लीजिंग कम्पनी से पूंजीगत माल प्राप्त कर सकता है । ऐसे मामलों में घरेलू लीजिंग कम्पनी का नाम ई पी सी जो लाइसेंस पर पृष्ठांकित किया जाएगा ताकि पूंजीगत माल का शुल्क की रियायती दरों पर आयात हो सके और दो पक्षों के बीच पारस्परिक सहमति की शर्तों पर ई पी सी जी लाइसेंस धारी को उसकी आपूर्ति हो सके । तथापि, निर्यात आभार ई पी सी जो लाइसेंसधारी का होगा । यदि ई पी सी जी लाइसेंसधारी संविदा का उल्लंघन करता है और परिणामस्वरूप लीजिंग कम्पनी पूंजीगत माल को पुनः वापस रख लेती है, तो लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा ई पी सी जी लाइसेंसधारी से बैंक गारंटी विधिक बंधपत्र मांगा जाएगा ।

43. आवेदन की प्रक्रिया—स्कीम के अंतर्गत प्रदान करने के लिए आवेदन पत्र इस संबंध में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार लाइसेंसिंग प्राधिकारी को दिए जाएंगें ।

44. कम्प्यूटर सिस्टम्स का आयात :– साफ्टवेयर के आयात के लिए कम्प्यूटर सिस्टम्स का आयात भी पैरा 37 से 43 द्वारा शासित होंगे ।

45. एलयूटी और/या बैंक गारंटी :– जहां कहीं भी निर्यात आभार पूरा करना आवश्यक हो आयातक को बैंक गारंटी सहित एक विधिक वचनपत्र लाइसेंसिंग प्राधिकारी के साथ निष्पादित करना होगा । इस संबंध में विस्तृत विवरण प्रक्रिया पुस्तक में दिया गया है ।

46. एस के डी/सी के डी स्थिति वाले संघटकों और माल का आयात :— कोई व्यक्ति ई पी सी जो स्कीम के अंतर्गत एस के डी/सी के डी स्थिति वाले पूंजीगत माल या ऐसे पूंजीगत माल के आयात के लिए लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकता है तथा जैसी कि स्थिति हो, पूंजीगत माल इकट्ठा कर सकता है या विनिर्मित कर सकता है। यह सुविधा पुर्जों के विस्थापन के लिए उपलब्ध नहीं होगी । पैराग्राफ 38 के अंतर्गत निर्यात आधार ऐसे आयातों के लागत बीमा भाड़ा मूल्य के संदर्भ में निश्चित किया जाएगा तथा इस अध्याय के अन्य सभी प्रावधान ऐसे आयातों पर लागू होंगे ।

अध्याय-छः क

सेवा क्षेत्र के लिए

निर्यात संवर्धन पूंजीगत माल स्कीम

46 क. स्कीम :—सेवा क्षेत्र के लिए निर्यात संवर्धन पूंजीगत माल स्कीम के अन्तर्गत पूंजीगत उपस्कर का आयात ऐसी सेवाएं प्रदान करने के लिए किया जा सकता है जिनके लिए भुगतान मुक्त रूप से परिवर्तनीय मुद्रा में प्राप्त हो। इस स्कीम के अंतर्गत पूंजीगत उपस्कर (पूंजीगत उपस्कर के लागत बीमा भाड़ा मूल्य के 10% तक अतिरिक्त पुर्जों सहित) का आयात 15% सीमा शुल्क को रियायती दर पर किया जा सकता है बशर्ते कि निर्यात आभार आयातों के लागत बीमा भाड़ा मूल्य का चार गुना हो । निर्यात आभार आयात लाइसेंस जारी होने की तारीख से पांच वर्षों की अवधि में पूरा कर लिया जाएगा।

46. ख पात्रता :—सेवा प्रदान करने वाले निम्नलिखित श्रेणियों के लोग इस स्कीम के अन्तर्गत उपस्कर आयात करने के लिए पात्र हैं :–

(1) वास्तुविद ;

(2) कलाकार ;

(3) सनदी लेखाकार ;

(4) परामर्श दाता ;

(5) नैदानिक केन्द्र ;

(6) डाक्टर ;

(7) अर्थशास्त्री ;

(8) इंजीनियर ;

(9) होटल और रेस्तरां ;

(10) पत्रकार ;

(11) वकील ;

(12) वैज्ञानिक ;

(13) यात्रा अभिकर्ता और टूर आपरेटर

(14) इस संबंध में जारी की गई सार्वजनिक सूचना द्वारा यथाविनिर्दिष्ट कोई अन्य सेवा ;

46 ग. आयात की मदें :—स्कीम के अंतर्गत आयात के लिए अनुमित पूंजीगत उपस्कर की मदें इस संबंध में जारी की गई सार्वजनिक सूचना में यथा विनिर्दिष्ट होंगी ।

पूंजीगत उपस्कर की ऐसी मदें जिनका आयात इस स्कीम के अंतर्गत किया जा सकता है, ऐसी सेवाओं से, जिनके लिए भुगतान मुक्त रुप से परिवर्तनीय मुद्रा में प्राप्त होता है प्रत्यक्ष संबंध रखेंगी ।

46 घ. आयातों का न्यूनतम मूल्य:— इस स्कीम के अंतर्गत लाइसेंस मंजूर करने के लिए आवेदन पत्र 10,000 अमरीकी डालर के आयातों के न्यूनतम लागत बीमा मूल्य के लिए होगा ।

46ङ. निर्यात आभार स्कीम के अंतर्गत पूरा किया जाने वाला निर्यात आधार भारत का विदेश में प्रदान की जाने वाली सेवाओं पर ध्यान दिए बिना लाइसेंस धारक द्वारा प्रदत्त सेवाओं के लिए मुक्त रुप से परिवर्तनीय मुद्रा में प्राप्त भुगतान होगा । निर्यात आभार पिछले तीन लाइसेंसिंग वर्षों मे लाइसेंस धारक द्वारा अर्जित दुलर्भ मुद्रा के औसत स्तर के अतिरिक्त होगा ।

46च. अन्य प्रावधान:—इस नीति के पैराग्राफ 43 (आवेदन के लिए प्रक्रिया) और 45 ए यू टी और बैंक गारंटी के प्रावधान इस स्कीम पर भी लागू होंगे ।

अध्याय-सात

शुल्क मुक्त स्कीम

47. शुल्क मुक्त स्कीम:— शुल्क मुक्त स्कीम के अंतर्गत निर्यात किए जाने वाले उत्पाद में प्रत्यक्ष तौर पर इस्तेमाल किए जाने के लिए अपेक्षित शुल्क मुक्त कच्चे माल, मध्यस्थों संघटकों, उपभोज्यो, पुर्जों, सहायक उपकरणों, पैकिंग सामग्रियों और कम्प्यूटर साफ्टवेर (जिसे अब आगे से "इनपुट्स" कहा जाएगा) के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा इस अध्याय में उल्लिखित लाइसेंस की श्रेणियों के अंतर्गत अनुमति दी जाएगी ।

48. अग्रिम लाइसेंस :—इनपुट्स (निविष्टियां) के शुल्क मुक्त आयात के लिए अग्रिम लाइसेंस दिया जाता है । ऐसे लाइसेंस जारी करने की तारीख को लागू नीति और प्रणाली के अनुसार जारी किए जाएंगें तथा वे निर्धारित समयबद्ध निर्यात आभार को पूरा करने तथा मूल्य संयोजन की शर्त, जो भी निर्धारित की गई हो, के अधीन होंगे । अग्रिम लाइसेंस या तो मूल्य आधारित होंगे या मात्रा आधारित होंगे ।

शुल्क मुक्त स्कीम के अंतर्गत जारी किए गए लाइसेंस मुक्त परिवर्तनीय मुद्रा में विनियमित किए जाएंगें । लाइसेंसों में निर्यात का पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य और आयात का लागत बीमा-भाड़ा मूल्य मुक्त परिवर्तनीय मुद्रा में निर्दिष्ट होगा। लाइसेंस जारी करने की तारीख को विनियम दर के अनुसार भारतीय रुपयों में कोष्ठक में निर्दिष्ट किए गए अनुसार लागत बीमा भाड़ा मूल्य लिखा होगा ।

तथापि अग्रिम मध्यस्थ लाइसेंस और विशेष अग्रदाय लाइसेंस के मामले में जहां सप्लाई किए गए माल का भुगतान भारतीय रुपयों मे प्राप्त होता है, तो वहां पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य भारतीय रुपयों में निर्दिष्ट किया जाएगा और आयात का लागत बीमा भाड़ा मूल्य इन लाइसेंसों पर मुक्त परिवर्तनीय मुद्रा में विनिर्दिष्ट किया जाएगा ।

49. मात्रा पर आधारित अग्रिम लाइसेंस :—मूल्य आधारित अग्रिम लाइसेंस के अंतर्गत लाइसेंस मे विनिर्दिष्ट किसी भी निवेश का उन निवेशों के लिए उल्लिखित समग्र लागत बीमा भाड़ा मूल्य के अन्दर आयात किया जा सकता है । इसमें संवेदनशील मदों के रूप में विनिर्दिष्ट निवेश शामिल नही है। संवेदनशील मदों का आयात लाइसेंस में विनिर्दिष्ट मात्रा अथवा मूल्य तक किया जाएगा ।

मूल्य आधारित अग्रिम लाइसेंस के अंतर्गत प्राप्त किए जाने वाले निर्यात की मात्रा और पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य विनिर्दिष्ट होगा। लाइसेंसधारी के लिए लाइसेंस में विनिर्दिष्ट निर्यात की मात्रा और पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य कायम रखना अनिवार्य होगा ।

मूल्य आधारित अग्रिम लाइसेंस में निम्नलिखित विनिर्दिष्ट होगा :-

(क) आयात और निर्यात की जाने वाली मदों के नाम और विवरण ;

(ख) आयात का लागत बीमा भाड़ा मूल्य ;

(ग) निर्यात का पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य और मात्रा;

(घ) संवेदनशील मदों के बारे में, अथवा जहां सक्षम प्राधिकारी ऐसा करना आवश्यक समझे, प्रत्येक संवेदनशील मद की मात्रा एवं लागत बीमा भाड़ा मूल्य को भी लाइसेंस में विनिर्दिष्ट किया जाएगा :—

50. मात्रा आधारित अग्रिम लाइसेंस :- मात्रा पर आधारित अग्रिम लाइसेंस मे निम्नलिखित विनिर्दिष्ट होगा :

(क) आयात और निर्यात की जाने वाली मदों के नाम और विवरण ;

(ख) आयात की जाने वाली प्रत्येक मद की मात्रा मद अथवा यदि मात्रा का उल्लेख नहीं किया जा सकता है तो मद का मूल्य,

(ग) आयात का लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य, और

(घ) निर्यात का पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य और मात्रा।

51. निवेश उत्पाद और मूल्य संयोजन मानदण्ड— निर्यात और आयात के लिये दोनों मूल्य आधारित और मात्रा आधारित अग्रिम लाइसेंसों के लिये मात्रात्मक मानदण्ड महानिदेशक, विदेश व्यापार द्वारा सार्वजनिक सूचना के जरिए प्रकाशित मानक निवेश उत्पाद मानदण्ड के अनुसार होंगे। तथापि, जिन मदों के संबंध में ऐसे निवेश उत्पाद मानदण्ड प्रकाशित नहीं किये गये हैं। उनके मामले में मात्रात्मक मानदण्ड सक्षम प्राधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट किये जायेंगे।

52 महानिदेशक, विदेश व्यापार, विशेष अग्रिम लाइसेंसिंग समिति की सिफारिश पर मानदण्ड में संशोधन कर सकता है अथवा अतिरिक्त मदों के लिये मानदण्ड निर्धारित कर सकता है।

53. विशेष स्कीमें—महानिदेशक, विदेश व्यापार ग्राह बैंटिग, मूल्य संयोजन के आयात की शर्तों के अनुसार, जो आवश्यक समझी जाए, निर्यातकों को अधिक सुविधा प्रदान करने के लिये एक श्रेणी अथवा निर्यात उत्पाद समूह के लिये मात्रा अथवा मूल्य आधारित अग्रिम लाइसेंस के लिये सार्वजनिक सूचना प्रकाशित करा सकते हैं।

54 स्वत घोषित पासबुक स्कीम—निर्यातकों की कुछ श्रेणियों के लिये अग्रिम लाइसेंस स्कीम के अधीन स्वतः प्रमाणीकरण और स्वत घोषणा की एक स्कीम आरम्भ की गई है।

स्टार व्यापार सदन, व्यापार सदन और निर्यात सदन आपस में इस स्कीम का उपयोग करने के पात्र होंगे। महानिदेशक विदेश व्यापार द्वारा इस बारे में विशिष्टकृत किये जाने वाले अन्य उत्पादों के निर्यातक भी आपस में इस स्कीम का लाभ उठा सकते हैं। ऐसी पासबुक गुणवत्ता आधारित होगी।

इस स्कीम के अधीन निर्यातक को आयात और निर्यात की जाने वाली मदों का नाम और ब्यौरा तथा ऐसे निर्यात के माध्यम से प्राप्त किये जाने वाला मूल्य संयोजन बताने वाली पासबुक जारी की जायेगी। निर्यातक को पासबुक के आयात की तरफ आयात की जाने वाली मदों का ब्यौरा और आयात का लागत बीमा भाड़ा मूल्य की प्रविष्टि करने की अनुमति होगी। वह प्रमाणित और घोषणा करेगा कि विषय वस्तु सही है ऐसे स्वतः प्रमाणीकरण और स्वतः घोषणा के आधार पर सीमाशुल्क प्राधिकारी निवेशों के आयात की अनुमति देगा। निर्यातक निर्यात किये जाने के बाद, पासबुक में निर्यात पक्ष की ओर निर्यात की गई मदों का नाम और ब्यौरा तथा प्राप्त मूल्य-संयोजन की प्रविष्टि करेगा। वह प्रमाणित और घोषणा करेगा कि विषय वस्तु सही है। स्वत प्रमाणीकरण और स्वत घोषणा के आधार पर, लाइसेंसिंग प्राधिकारी विधिवत् सत्यापन करने के बाद निर्यात आभार को निर्मुक्त करेगा।

पासबुक दो वर्ष की अवधि के लिये वैध होगी और समय-समय पर उसका नवीनीकरण करवाया जा सकता है।

55 अग्रिम मध्यवर्ती लाइसेंस—मध्यवर्ती उत्पादों के विनिर्माताओं द्वारा सुनिश्चित समयबद्ध आपूर्ति प्रबन्ध के अन्तर्गत शुल्क मुक्त स्कीम के लाइसेंस धारक अन्तत निर्यातक को सप्लाई करने के लिये निवेशों के शुल्क मुक्त आयात के लिये अग्रिम मध्यवर्ती लाइसेंस दिये जायेंगे। मध्यवर्ती लाइसेंसधारी शुल्क मुक्त स्कीम के तहत लाइसेंसधारी को विशिष्ट अवधि में आपूर्ति करेगा। अग्रिम लाइसेंसों के लिये लागू मूल्य तथा मात्रिक मानदण्ड मध्यवर्ती अग्रिम लाइसेंसों पर भी लागू होंगे। अग्रिम मध्यवर्ती लाइसेंस केवल गुणवत्ता पर आधारित होगा।

56 विशेष अग्रदाय लाइसेंस—विशेष अग्रदाय लाइसेंस निवेशों के आयात के लिये प्रमुख-उप ठेकेदारों को निम्न मामलों में प्रदान किये जाते हैं —

(1) संयुक्त राष्ट्र संगठनों को या संयुक्त राष्ट्र अथवा अन्य बहुराष्ट्रीय अभिकरणों के सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत की गई आपूर्ति तथा मुक्त विदेशी मुद्रा में किया गया भुगतान:

(2) निम्नलिखित बहुपक्षीय या द्विपक्षीय या अभिकरणों/निधियों या अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगी बोली के तहत या उन अभिकरणों/निधियों की प्रक्रियाओं के अनुसार सीमित निविदा पद्धति के तहत केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित किसी अन्य अभिकरण/निधि द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं को माल का संभरण

(1) अरब आर्थिक विकास के लिये आबूधाबी फण्ड

(2) एशियाई विकास बैंक (ए.डी.बी.)

(3) अन्तर्राष्ट्रीय पुन निर्माण और विकास बैंक (आई बी आर डी/आई डी ए)

(4) कृषि विकास अन्तर्राष्ट्रीय निधि (आई एफ ए डी)

(5) ओवरसीज़ इकोनॉमिक कोऑपरेशन फंड (ओ ई सी एफ) (जापान)

(6) अरब आर्थिक विकास के लिये कुवैती निधि

(7) पैट्रोल निर्यातक देश संघ निधि (ओपेक)

(8) सऊदी विकास निधि (एस एफ डी)

(9) संयुक्त राज्य अन्तर्राष्ट्रीय विकास अभिकरण (यू.एस.ए.आई.डी.)

(10) विदेश आर्थिक सहयोग निधि के माध्यम से मार्गीकृत येन क्रेडिट (ओ.ई.सी.एफ.)

(11) एक्जिम बैंक आफ जापान

(12) अन्तर्राष्ट्रीय वित्त निगम (आई एफ सी)

(13) कैनेडियन इंटर नेशनल डेवलेपमेन्ट एजेन्सी (सी आई डी ए)

(14) ओवरसीज डेवलेपमेन्ट एजेन्सी (ओ डी ए)

(3) निर्यात संसाधन क्षेत्र यूनिटों तथा निर्यात अभिमुख यूनिटों का सप्लाई। (निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटों/हीरा, रत्न एवं आभूषण में लगी निर्यात अभिमुख यूनिटों को छोड़कर),

(4) तेल और प्राकृतिक गैस आयोग (ओ एन जी सी) आयल इंडिया लि. (ओ आई एल) और भारतीय गैस प्राधिकरण (जी ए आई एल) के अपनी दोनों समुद्री एवं तटवर्ती अन्वेषण ड्रिलिंग उत्पादन संक्रियाओं के लिये कच्चे माल, संघटकों, मध्यस्थों, उपभोज्यों, पुर्जों, उपस्करो यंत्रों, सहायक उपकरणों, औजारों और अतिरिक्त पुर्जों की आपूर्ति।

(5) उर्वरक संयंत्रों के लिये पूंजीगत माल का संभरण यदि संभरण अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगी बोली के अधीन किया गया है; और

(6) अधिसूचित किये गये अनुसार विदेशी सरकार या एजेन्सी द्वारा पूर्णतः या अंशतः वित्त पोषित किसी परियोजना को माल का संभरण।

(7) अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगी बोली या इसी प्रकार की प्रक्रिया के अन्तर्गत परियोजनाओं को माल और सेवायें प्रदान करना, जहां अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगी बोली या वैसी प्रक्रिया केन्द्र सरकार द्वारा अधिकृत की गई हो।

57. विशेष अग्रदाय लाइसेंस मात्रा पर आधारित होंगे और अग्रिम लाइसेंसों पर लागू मात्रात्मक मानदण्ड विशेष अग्रदाय लाइसेंसों पर भी लागू होंगे।

58. अग्रिम सीमा-शुल्क निकासी परमिट—मात्रा आधारित अग्रिम सीमाशुल्क निकासी परमिट (ए. सी.सी.पी.) कार्य प्रयोजन, मरम्मत, सेवा, पुनः स्थापना सुधार नवीकरण और इन में प्रतिरूप, आरेख, जिग्स, औजार, फिक्सचर्स मोल्डस, डैकल्स कम्प्यूटर हार्डवेयर, साफ्टवेयर और योजना जो कि निर्यात आदेश से प्रत्यक्ष रूप में संबंधित हों और जिनकी आपूर्ति विदेशी क्रेता द्वारा निःशुल्क की जाती है। लेकिन इनका पुनः निर्यात, निर्यात उत्पाद के साथ ही निर्यात किया जायेगा। आयातित मोल्डों, प्रतिरूपों आदि को कायम रखने के लिये आवेदन निर्यात आभार पूरा होने के बाद किये जा सकते है और आयात की की तिथि को लगने वाले सीमाशुल्क के भुगतान तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथा-विनिर्दिष्ट अन्य शर्तों के पूरा करने पर अग्रिम लाइसेंसिंग समिति द्वारा अनुमति दी जा सकती है। इस प्रकार प्राप्त मूल्य संयोजन 15% से कम नहीं होगा।

59. पात्रता—कोई व्यक्ति जो एक व्यापारी निर्यातक या विनिर्माता निर्यातक है, आयात-निर्यात कोड संख्याधारी है, विशिष्ट निर्यात आदेश/ साज-पत्र धारक है और स्वयं के नाम पर निर्यात लाभ की वसूली की स्थिति में है वह शुल्क मुक्त लाइसेंसों के लिये आवेदन कर सकता है।

60. पैराग्राफ-51 में दिये गये मानक निवेश उत्पादन मानदण्डों में किये गये उल्लेख के अनुसार मूल्य संयोजन मानदण्ड मूल्य आधारित शुल्क मुक्त लाइसेंसो पर लागू होंगे। मात्रा आधारित लाइसेंस और उत्पाद जो मानक-निवेश उत्पादन मानदण्डों की सूची में नहीं है, उन्हें कम से कम 33% का मूल्य संयोजन प्राप्त करना होगा तथापि इससें कम मूल्य संयोजन पर मात्रा आधारित लाइसेंस प्रदान करने के आवेदन पर सक्षम प्राधिकारी विचार कर सकते है परन्तु किसी भी मामले में तकनीकी आधार पर मूल्य संयोजन 25% से कम नहीं होना चाहिये।

61. मुक्त परिवर्तनीय मुद्रा के अन्तर्गत न आने वाले निर्यात—ऐसे निर्यात जिनका भुगतान मुक्त परिवर्तनीय मुद्रा में नहीं होता वे इस संबंध में समय-समय पर जारी सार्वजनिक सूचना में उल्लिखित मूल्य संयोजन के अध्यधीन होंगे।

62. निर्यात उत्पादन कार्यक्रम के अन्तर्गत लाइसेंस—निर्यातक विशेष निर्यात आदेशों के मद्दे शुल्क मुक्त लाइसेंस के लिये आवेदन कर सकते है। निर्यातक बिना किसी निर्यात आदेश के भी शुल्क मुक्त लाइसेंस के लिये आवेदन कर सकते है लेकिन अग्रिम मध्यवर्ती लाइसेंस और विशेष अग्रदाय लाइसेंस के लिये नहीं। उनको निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन लाइसेंस प्रदान किये जा सकते हैं:—

(क) नियमित निर्यात निष्पादन वाले निर्यातकों के लिये पिछले तीन लाइसेंसिंग वर्षों में उनके निर्यातों के जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य का 25% से अधिक मूल्य संयोजन नहीं होगा।

(ख) उपर्युक्त उप-पैरा (क) में न आने वाले निर्यातकों के लिये लाइसेंस का मूल्य तीन लाइसेंसिंग वर्षों में उनके औसत टर्न-ओवर के 10% से अधिक नहीं होगा; बशर्ते कि उनका औसत टर्न-ओवर पांच करोड़ से कम न हो।

(ग) ऐसे लाइसेंस केवल मात्रा आधारित होंगे, और

(घ) उपर्युक्त सुविधा विशेष निर्यात आदेश/आदेशों के मद्दे प्रदान किये गये शुल्क मुक्त लाइसेंसों के अतिरिक्त है।

63. निर्यात आभार—शुल्क मुक्त लाइसेंस के अन्तर्गत निर्यात आभार पूरा करने की अवधि लाइसेंस के जारी होने की तिथि से शुरू होगी। लगाये गये निर्यात आभार को 12 महीने की अवधि में पूरा करना होगा सिवाय उन मामलों के जहां विशेष अग्रदाय लाइसेंस के अन्तर्गत परियोजनाओं के लिये सप्लाई की गई हो जहां निर्यात आभार को परियोजना के कार्य करने की संविदा द्वारा निश्चित अवधि के अन्तर्गत पूरा करना होगा।

निर्यात आभार पूर्ण करने की अवधि में बढ़ोतरी के आवेदन पर लाइसेंसिंग प्राधिकारी या सक्षम प्राधिकारी, जैसा भी मामला हो, के द्वारा विचार किया जा सकता है।

64. अग्रिम रिलीज आदेश—शुल्क मुक्त लाइसेंसधारी को यह विकल्प है कि वह या तो सीधे लाइसेंस के अधीन अनुमित मदों का आयात करे या विदेशी मुद्रा/भारतीय रुपयों में नामोद्दिष्ट अग्रिम आदेश के मद्दे देशीय स्रोतों/सरणीबद्ध अभिकरणों से प्राप्त करें। अग्रिम रिलीज आदेश, आवेदन करने पर, उस लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा जिसने शुल्क मुक्त लाइसेंस जारी किया है अथवा इसके लिये प्राधिकृत अन्य लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा दिया जा जा सकता है। केवल मात्रा आधारित लाइसेंसों के मद्दे अग्रिम रिलीज आदेश की मंजूरी दी जायेगी। अग्रिम मध्यवर्ती लाइसेंस के मद्दे अग्रिम रिलीज आदेश की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।

65. स्रोत एवं निकासी—शुल्क मुक्त लाइसेंस धारक पहले से आयातित तथा सीमाशुल्क गोदाम में रखे माल को प्राप्त अथवा निकाल सकता है। शुल्क मुक्त लाइसेंस-धारक निर्यात संसाधित क्षेत्र यूनिटों अथवा निर्यात अभिमुख यूनिटों में विनिर्मित या संसाधित माल को प्राप्त अथवा निकाल सकते हैं। परवर्ती मामले में शुल्क मुक्त लाइसेंसधारक लाइसेंसिंग प्राधिकारी से अग्रिम रिलीज आदेश प्राप्त करने हेतु आवेदन करेगा और प्राप्त करेगा।

66. लाइसेंस की प्रत्याशा में निर्यात—लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा इस स्कीम के अन्तर्गत आवेदन प्राप्त होने की तारीख से किया गया निर्यात/संभरण निर्यात आभार अदा करने पर स्वीकार किया जा सकता है। यदि आवेदन स्वीकृत हो जाता है तो लाइसेंसों को लागू नीति और प्रक्रियाओं के अनुसार जारी होने की तिथि से जारी कर दिया जायेगा। सीमाशुल्क प्राधिकारी द्वारा शुल्क मुक्त शिपिंग बिलों से ड्रॉबैक शिपिंग बिलों में परिवर्तन की अनुमति भी दी जा सकती है यदि लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा आवेदन अस्वीकृत या परिवर्तित कर दिया गया है।

अग्रिम लाइसेंस को ट्रांफसर करना :—

67. निर्यात आभार पूर्ण होने, निर्यात वसूली पूरी होने और बैंक गारन्टी/वित्तीय बचनबद्धता को विमुक्ति पर मूल्य और गुणवत्ता पर आधारित अग्रिम लाइसेंस (मध्यवर्ती अग्रिम लाइसेंस और विशेष अग्रदाय लाइसेंस को छोड़कर) या उनके मद्दे आयातित सामग्री मुक्त रुप से हस्तान्तरणणीय होगी। यह सुविधा उन मामलों में उपलब्ध नहीं होगी जहां केन्द्रीय उत्पाद नियमों के नियमों के नियम-991-ख के तहत मोडवेट/प्राफार्मा ऋण सुविधा या उत्पाद शुल्क राहत का उपयोग कर लिया गया है।

68. हटा दिया गया।

69. निषिद्ध मदें—इस स्कीम के अधीन आयात की निषेधात्मक सूची में दी गई वर्जित मदों का आयात निषिद्ध है।

70. शुल्क वापसी/आई पी आर एस को स्वीकार्यता—मूल्य आधारित अग्रिम लाइसेंस पर शुल्क वापसी की अनुमति नहीं होगी।

70-क—मात्रा पर आधारित अग्रिम लाइसेंस के मामले में यदि लाइसेंस में शामिल किसी भी मद का शुल्क मुक्त आधार पर आयात न किया गया हो बल्कि उसे अपने देश से ही खरीदा गया हो, या सामान्य शुल्क का भुगतान करके आयात किया गया हो तो ऐसी मद पर शुल्क वापसी तभी स्वीकार्य होगी जब लाइसेंस प्राधिकारी लाइसेंस में से उस मद को काटकर शुल्क मुक्त लाइसेंस में समुचित संशोधन कर दें।

दण्ड:—इस स्कीम के अन्तर्गत किसी लाइसेंसधारक के निर्यात आभार को पूरा करने में सफल होने पर या लाइसेंसिंग शर्त का उल्लंघन करने पर वह विदेश व्यापार विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1992 और उक्त अधिनियम के तहत बनाए गए आदेशों/नियमों, निर्यात एवं आयात नीति, प्रक्रिया पुस्तक और अन्य लागू नियमों के अनुसार कार्यवाई किये जाने का भागी होगा।

72. सोने और चांदी के आभूषणों तथा वस्तुओं के लिये अग्रिम लाइसेंस की स्कीम—सोने और चांदी के आभूषणों और वस्तुओं के लिए मात्रा आधारित अग्रिम लाइसेंस निम्नलिखित के शुल्क मुक्त आयात के लिए दिया जाता है।

(1) गोल्ड माउन्टिंग्स, साकेट्स, फेम्स और 18 कैरेट तथा कम की फाइन्डिंग्स; और

(2) चांदी माउन्टिंग्स, साकिट्स फ्रेम्स और फाइडिंग्स।

73. यह स्कीम अपरिवर्तनीय साखपत्र स्वीकृति के मुद्दे दस्तावेज और या/सुपुर्दगी आधार पर नकद भुगतान की अदायगी से समर्थित निर्यातों पर सीमित होगी। सीमा-शुल्क प्राधिकारियों द्वारा अधिसूचित विशिष्ट पत्तनों से ही आयात अनुमेय होगा।

74. निर्यात केवल पूर्व आयात के मुद्दे अनुमित होगा। निर्यात-आभार आयात की प्रथम परेषण की तिथि से आरम्भ होगा और उसे उक्त तिथि से 130 दिनों के अन्दर पूर्ण किया जाना अपेक्षित होगा।

75. मूल्य-संयोजन की गणना उस मूल्य पर की जा सकती है जिस पर सोना (छीजन सहित) और चांदी तत्व (बिना छीजन के) आयात किया गया है। माउन्टिंग्स, फाइन्डिंग्स आदि के लागत-बीमा भाड़ा मूल्य को भी ध्यान में रखा जाएगा और उनका आयात/निर्यात नेट-टू-नेट आधार पर होगा सोने/चांदी के आभूषणों और वस्तुओं के लिए न्यूनतम मूल्य संयोजन क्रमश 15 प्रतिशत और 25 प्रतिशत होगा।

76. प्रक्रिया-पुस्तिका के पैरा 147 में यथा-निर्दिष्ट अनुसार सोने की छीजन या विनिर्माण में हानि अनुमित की जा सकती है। सोने की माउन्टिंग्स/फाइन्डिंगस आदि पर भार में 3 प्रतिशत सोने की छीजन अनुमित है। यदि निर्यात का जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य निर्धारित निर्यात-आभार से अधिक है तो प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 149 में निर्धारित फार्मूले के अनुसार अतिरिक्त मूल्य के लिए रत्न प्रतिपूर्ति लाइसेंस जारी किया जा सकता है।

77. मूल्य संयोजन:—पैरा 72 में दी गई स्कीम को छोड़कर इस अध्याय के प्रयोजन के लिए मूल्य प्रयोजन के लिए मूल्य संयोजन इस प्रकार होगा:—

$$\text{वी ए} = \frac{\text{ए}-\text{बी}}{\text{बी}} \times 100, \text{ जहां}$$

वी ए —मूल्य संयोजन है

ए—लाइसेंस में शामिल उत्पाद के निर्यात से वसूल किया गया जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य है, और

बी—लाइसेंस में शामिल आयातित निवेश का लागत बीमा-भाड़ा मूल्य है।

अध्याय—आठ

हीरे, रत्न और जेवरात निर्यात संवर्धन स्कीमें

78. रत्न और जेवरात के लिये स्कीम—रत्न और जेवरात निर्यातक इस संबंध में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार सक्षम प्राधिकारी से प्रतिपूर्ति लाइसेंस और हीरे/डीटीसी अग्रदाय अनुज्ञापत्र प्राप्त करके अपने निवेशों का आयात कर सकते हैं।

79. प्रतिपूर्ति लाइसेंस—परिशिष्ट एक में सूचीबद्ध रत्न और जेवरात उत्पादों के निर्यातक, अपने निवेशों के आयात और प्रतिपूर्ति के लिये उक्त परिशिष्ट में उल्लिखित दर पर और उसमें दी गई मदों के लिये, प्रतिपूर्ति लाइसेंस प्रदान किये जाने के पात्र होंगे। इस प्रकार के लाइसेंस हस्तांतरणीय होंगे। हीरे/डीटीसी अग्रदाय लाइसेंसों के मद्दे निर्यात आभार को पूर्ण करने के लिये किया गया निर्यात इस लाभ के लिये पात्र नहीं होगा।

80. हीरे और डी.टी.सी. अग्रदाय लाइसेंस—कटे हुए और पालिश किये हुए हीरों के निर्यात के लिये तथा अपरिष्कृत हीरों के आयात के लिये हीरा और डीटीसी अग्रदाय लाइसेंस अग्रिम रूप में जारी किये जा सकते हैं। ये लाइसेंस अहस्तांतरणीय होते हैं। तथापि, आयातित माल को संसाधित करने के लिये दूसरे व्यक्ति को हस्तांतरित किया जा सकता है लेकिन निर्यात आभार पूर्ण करने का दायित्व लाइसेंसधारी का ही होगा। ये लाइसेंस प्रतिपूर्ति के 65 प्रतिशत के विलोम अनुपात में निर्धारित निर्यात आभार वहन करेंगे, अर्थात् यदि लाइसेंस 65 अमरीकी डालर के लागत बीमा भाड़ा मूल्य के लिये जारी किया जाता है, तो निर्यात आभार का जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य 100 अमरीकी डालर होगा। छूट प्रदान करते समय लाइसेंसधारी को वास्तविक हकदारी को उक्त परिशिष्ट में दिये गये समान निर्यात उत्पादों के लिये अनुमित प्रतिपूर्ति दरों के संदर्भ में पुनः गणना की जा सकती है। इस प्रकार की पुनः गणना करने से, यदि लाइसेंसधारी की हकदारी 65 अमरीकी डालर से अधिक बनती है (जैसा कि उपर्युक्त उदाहरण में दर्शाया गया है) तो लाइसेंसिंग प्राधिकारी अपरिष्कृत हीरों के आयात हेतु, उस मूल्य के बराबर, जो भी 65 अमरीकी डालर से अधिक हो, प्रतिपूर्ति लाइसेंस जारी करेंगे।

81. कोई निर्यातक निम्नलिखित अनुसार लाइसेंस के लिये आवेदन कर सकता है।

(क) यदि उसने पिछले तीन वर्षों में कम समय में कटे हुए और पालिश किये हुए हीरों का निर्यात किया है, तो स्वयं के नाम में वैध निर्यात संविदा के मद्दे, अथवा

(ख) यदि उसने कम से कम 3 वर्षों तक निर्यात किया है तो पिछले तीन लाइसेंसिंग वर्षों में सर्वोत्तम वर्ष के निर्यात निष्पादन और साथ ही उसके 25 प्रतिशत के मद्दे।

82. निर्यात आभार—निर्यात आभार की पूर्ति सीमाशुल्क के जरिए पहली खेप की निकासी की तारीख से सात महीनों के अन्दर की जायेगी।

83. डी.टी.सी. अग्रशय लाइसेंस—किसी भी नियमित डी.टी.सी. साइट होल्डर के लिये वार्षिक डी.टी.सी. लाइसेंस अनुमित हो सकता है जो कि उसके द्वारा परवर्ती वर्ष में प्राप्त सभी डी.टी.सी. साइटों (प्रतिपूर्ति लाइसेंस के मद्दे निष्पादित साइटों को छोड़कर) के समेकित मूल्य के डेढ़ गुणा के बराबर होगा। इसमें डेढ़ प्रतिशत तक कमीशन/दलाली अधिभार भी जोड़ा जा सकता है बशर्ते कि निर्यात आभार में तदनुरूप वृद्धि की गई हो। नई साइट होल्डर डीटीसी लन्दन से साइट के आवंटन हो जाने पर मासिक आधार पर लाइसेंस के लिये भी आवेदन कर सकते हैं। वे लाइसेंस केवल डी.टी सी. लन्दन से आयात के लिये ही वैध होंगे।

निर्यात आभार प्रथम परेषण के आयात की तिथि से 120 दिनों के अन्दर और प्रत्येक साइट के लिये लाइसेंस पर किय गये पृष्ठांकन के अनुसार पूरा कर लिया जायेगा।

84. अपरिष्कृत हीरों के लिये थोक लाइसेंस—अपरिष्कृत हीरों के लिये थोक लाइसेंस, वैध आर.ई.पी. हीरों अग्रदाय लाइसेंसों के धारकों की मांगों को को पूरा करने के लिये, मैसर्स हिन्दुस्तान डायमण्ड कं. लि. बम्बई तथा एम.एम.टी.सी. नई दिल्ली या अन्य निर्यातक को जारी किये जा सकते हैं जिसके निर्यात का वार्षिक औसत कटे तथा परिष्कृत हीरों का पिछले तीन वर्षों के दौरान 10 करोड़ रुपये से कम न हो और जो इस बार में ऐसी शर्तों को पूरा करते हों जो महानिदेशक विदेश व्यापार द्वारा विनिर्दिष्ट हों।

85. पुनः निर्यात—अपरिष्कृत हीरों का पुनः निर्यात करने वाला कोई निर्यातक ऐसे पुनः निर्यात पर कमीशन सहित विदेशी मुद्रा लागत घटाकर शत-प्रतिशत लागत बीमा-भाड़ा मूल्य की दर से आयात प्रतिपूर्ति का पात्र हो सकेगा। डी.टी.सी. लन्दन और खानों से (खान के चालू रहने की दशा में) आयातों के मामलों में अपरिष्कृत हीरों के मूल्य के क्रमशः 5 प्रतिशत और 10 प्रतिशत तक पुनः निर्यात अनुमित हो सकता है। किसी अन्य स्रोत से किये गये आयात के लिये पुनः निर्यात आयातित अपरिष्कृत हीरों के मूल्य के 5 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा लेकिन यह सुविधा थोक लाइसेंसधारियों द्वारा किये गये आयातों पर नहीं मिलेगी।

86. सोने/चांदी और प्लाटिनम/जेवरात के लिये स्कीमें—सोने और चांदी के जेवरात के निर्यातक इस संबंध में निर्धारित प्रक्रियानुसार सक्षम लाइसेंसिंग प्राधिकारियों द्वारा प्रदत्त आयात लाइसेंसों के माध्यम से सोना, चांदी माउंटिंग्स, फाइंडिंग्स, अपरिष्कृत रत्न कीमती और अर्द्ध-कीमती सिंथेटिक पत्थर और असंसाधित मोती आदि जैसे अपने अनिवार्य निवेशों का आयात कर सकते है। स्कीम "ग" और "छ" के अन्तर्गत प्लेटिनम आभूषणों के निर्यातक इस बार में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार प्लाटिनम और उपर्युक्त मदों का आयात कर सकते हैं।

87. सोने/चांदी/प्लेटिनम की अन्तर्वस्तु—निर्यात किये गये आने पर निम्नलिखित मदों को इन स्कीमों के अन्तर्गत सुविधा मिल सकेगी

(क) 8 कैरट या अधिक सोना तत्व वाले सोने के जेवरात तथा वस्तुएं (सिक्कों को छोड़कर) चाहे सादे हों या जड़ हुए; और

(ख) भार में 50 प्रतिशत से अधिक चांदी वाले चांदी के जेवरात और वस्तुएं (सिक्कों और किन्हीं इंजीनियरी माल को छोड़कर) और

(ग) भार में 50 प्रतिशत से अधिक प्लाटिनम (सिक्कों और किन्हीं इंजीनियरों माल को छोड़कर) प्लाटिनम आभूषण और वस्तुएं।

88. स्कीमें—सोने/चांदी के जेवरात और वस्तुओं का निर्यात निम्नलिखित स्कीमों के अन्तर्गत किया जा सकता है :—

क. विदेशी क्रेता द्वारा संभरित सोने/चांदी के मद्दे सोने/चांदी के जेवरात और वस्तुओं के निर्यात के लिये योजना :

इस योजना के अन्तर्गत विदेशी क्रेता सोने या सोने चांदी के जेवरात और उनमें बनने वाली वस्तुओं के विनिर्माण और अंतिम निर्यात के लिये अग्रिम रूप से निःशुल्क सोना या चांदी का संभरण कर सकता है। वह इसी प्रकार, चांदी के एलाय, फाइंडिंग्स, माटिंग्स आदि और 18 कैरट और कम के सोने का संभरण भी कर सकता है। निर्यात आदेश में निम्नलिखित की व्यवस्था होनी चाहिये।

(1) वैस्टेज की अनुमति के बाद अपेक्षित सोने और चांदी की मात्रा की सीमा तक सोने और चांदी का निःशुल्क संभरण; और

(2) अपरिवर्तनीय साख्यपत्र के द्वारा विनिर्माण और अन्य लागतों का भुगतान अथवा सुपुर्दगी पर नकद भुगतान अथवा विदेशी मुद्रा में अग्रिम भुगतान संग्रह आधार पर (स्वीकृति मद्दे दस्तावेज) सोने के जेवरात का निर्यात भी किया जा सकता है। निर्यात आदेश केवल एक विदेशी क्रेता से ही संबंधित होना चाहिये। सोना, चांदी, जवाहरात और वस्तुओं के निर्यात के लिये बनी यह योजना हस्तशिल्प और हथकरघा निर्यात निगम (एच.ए.चई.सी.) या वाणिज्य मंत्रालय द्वारा नामित किसी अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के अभिकरण द्वारा प्राप्त निर्यात आदेशों के लिये लागू होगी। नामित अभिकरण प्रत्यक्ष रूप से या अपनी पात्र संस्थाओं के माध्यम से निर्यात कर सकते हैं। निर्यात केवल हवाई भाड़े और बम्बई, कलकत्ता, मद्रास, दिल्ली जयपुर,

बंगलौर और कोचीन स्थित सीमाशुल्क कार्यालयों के जरिए ही अनुमित होगा।

प्रत्येक माह के शुरू में एच.एच. ई.सी. द्वारा घोषित सोने और चांदी के मूल्यों पर सोना तत्व (वेस्टेज समेत) और चांदी तत्व (वेस्टेज रहित) के मूल्य के संदर्भ में मूल्यसंयोजन की गणना की जा सकती है। माउंटिंग्स, फाइंटिंग्स आदि के लिये मूल्य संयोजन नामित अभिकरण द्वारा तय किये गये आयातों के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य पर आधारित होगा। सोना और चांदी जवाहरात/वस्तुओं के लिये न्यूनतम मूल्य संयोजन क्रमशः 15 प्रतिशत और 25 प्रतिशत है। माउंटिंग्स और फाउंडिंग्स आदि को आयात निर्यात निवल के लिये निवल के आधार पर होगा।

ख. अनुमोदित प्रदर्शनियों में बिक्री के लिये सोने और चांदी के जेवरात और वस्तुओं के निर्यात की स्कीम।

इस स्कीम के अन्तर्गत हस्तशिल्प और हथकरघा निर्यात निगम (एच.एच.ई.सी.)/राज्य व्यापार निगम (एस. टी. सी.) भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन (आई.टी. पी.ओ.)/खनिज एवं धातु व्यापार निगम (एम.एम. टी.सी.) और उनकी पात्र सहयोगी संस्थाओं द्वारा किया गया। निर्यात आता है। ये संगठन नामित/ अभिकरणों के रूप में कार्य करते हैं। यदि वाणिज्य मंत्रालय अनुमोदन कर देता है, तो इस स्कीम के अन्तर्गत अन्य व्यक्ति को भी निर्यात की अनुमति है। प्रदर्शनी लगाने के लिये निर्यात परेषण आधार पर किये जायेंगे और यह निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन होगा।

(1) विदेश में न बिक्री हुई मदें प्रदर्शनी बंद होने के 45 दिनों के अन्दर आयात कर ली जायेगी; और

(2) विदेश में बिक्री हुई मदों के लिये सोना और चांदी तत्व प्रतिपूर्ति के रूप में प्रदर्शनी बंद होने के 60 दिनों के अंदर, आयात कर लिये जायेंगे। नामित अभिकरण निर्यात अनुमित होने से पहले सीमाशुल्क प्राधिकारियों के पास इस आशय का एक बंधपत्र प्रस्तुत करेगा। दूसरों द्वारा आयोजित प्रदर्शनियों में, भारतीय रिजर्व बैंक या सीमाशुल्क प्राधिकारियों के नियमों के अन्तर्गत तथा अपेक्षित बंदपत्र या बैंक गारंटी आयोजक स्वयं ही प्रस्तुत करेंगे। प्रदर्शनी बंद होने के उपरान्त निर्यातक भारतीय स्टेट बैंक या प्रदर्शनी बंद होने से पहले प्रदर्शनी के स्थान पर उनके एजेंटों की सहायता से या प्रदर्शनी बंद होने के 50 दिनों के भीतर भारत में भारतीय स्टेट बैंक की अधिकृत शाखाओ की सहायता से प्रतिपूर्ति के उद्देश्य के लिये वुकिंग करेगा।

मूल्य संयोजन की गणना, सोना तत्व (वेस्टेज समेत) और चांदी तत्व (वेस्टेज सहित) के उस मूल्य के आधार पर की जायेगी जिस पर प्रतिपूर्ति अनुमित हो सकती है या उस मूल्य पर जिस पर निर्यात बीजक बनाया गया था, इन में जो भी उच्चतर हो, की जायेगी। निर्यातक, निर्यात बीजक बनाते समय एच.एच.ई.सी. द्वारा अधिसूचित सोना/चांदी के मासिक मानदण्ड मूल्य का प्रयोग कर सकते है। सोना/चांदी जवाहरात/ वस्तुओं के लिये न्यूनतम मूल्य संयोजन क्रमशः 15% और 25% है। है। अपेक्षित दस्तावेज प्रस्तुत करने पर लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा उपयुक्त रिलीज आदेश और रत्न प्रतिपूर्ति लाइसेंस जारी किया जा सकता है।

ग. सोना और चांदी जेवरात और वस्तुओं की निर्यात संवर्धन और प्रतिपूर्ति स्कीम

यह स्कीम सोना/चांदी जेवरात और वस्तुओं के निर्यात के मदें भारतीय स्टेट बैंक की पननामित/शाखाओं अथवा वाणिज्य मंत्रालय द्वारा नामित किसी अन्य अभिकरण के जरिए सोना/चांदी की खरीदारी के पश्चात् भारतीय स्टेट बैंक/अभिकरण द्वारा जारी किये गये प्रमाण-पत्र में निर्दिष्ट मूल्य पर सोना/चांदी की प्रतिपूर्ति की व्यवस्था करती है। यह स्कीम उन निर्यातों तक ही सीमित होगी जिनके समर्थन में अपरिवर्तनीय साखपत्र डिलीवरी आधार पर नकद भुगतान या विदेशी मुद्रा में अग्रिम भुगतान किया गया है। सोने जवाहरात के निर्यात की अनुमति संग्रह आधार स्वीकृति मदें दस्तावेज पर भी दी जा सकती है। निर्यातक को अग्रिम रूप में भारतीय स्टेट बैंक से सोना/चांदी प्राप्त करने का विकल्प होता है। अपेक्षित दस्तावेज प्रस्तुत करने पर लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा उपयुक्त रिलीज आदेश और रत्न प्रतिपूर्ति लाइसेंस जारी किये जा सकते हैं।

मूल्य संयोजन को गणना/सोना तत्व (वेस्टेज सहित) और चांदी तत्व (वेस्टेज) रहित–के संदर्भ में उस मूल्य पर की जाएगी जिस भारतीय स्टेट बैंक द्वारा सोने और चांदी को बुक किया जाए। सोना और चांदी जवाहरात/वस्तुओं पर के लिए न्यूनतम मूल्य संयोजन क्रमशः 15% और 25% होगा।

निर्यात और सोने के आभूषणों और वस्तुओं की उपर्युक्त नीति आवश्यक परिवर्तनों सहित प्लाटिनम आभूषण और वस्तुओं के निर्यात पर भी लागू होगी सिवाए इसके कि केवल एम.एम.टी.सी. निर्यातकों को प्लास्टिनम का आयात और सेवा प्रदान करेगा। इस प्रयोजन के लिए एम एम टी सी 0.9999 शुद्धता का प्लाटिनम आयात करेगा।

घ. सोने और चांदी जवाहरात और वस्तुओं के लिए अग्रिम लाइसेंस की स्कीम

अध्याय सात के पैराग्राफ-72 में निहित अग्रिम लाइसेंस स्कीम के प्रावधान सोने और चांदी के जवाहरात और उनसे बनी वस्तुओं के निर्यात पर लागू होंगे।

ङ. निर्यात संसाधन क्षेत्रों (ई.पी.जैड. और निर्यात अभिमुख यूनिट (ई.ओ.यू.) परिसरों से सोने/

चांदी और प्लाटिनम के जवाहरात और वस्तुओं के निर्यात की स्कीम

निर्यात अभिमुख यूनिटें निर्यात अभिमुख यूनिटों की स्कीम के सामान्य प्रावधानों द्वारा शासित होती है और निर्यात संसाधन वाले क्षेत्रों में स्थापित की गई यूनिटें ई.पी.जेड. स्कीम के सामान्य प्रावधानों द्वारा शासित होती है । निम्नलिखित को छोड़कर

(1) रिजेक्टस समेत किसी की भी बिक्री की अनुमति घरेलू टैरिफ क्षेत्र (डी.टी.ए.) में नहीं मिलेगी; और

(2) यदि कोई यूनिट कार्य करना बंद कर देती है, तो सोना और दूसरी कीमती धातु एलाय, रत्न और अन्य सामग्री जो जवाहरात के विनिर्माण के लिए उपलब्ध होगी वाणिज्य मंत्रालय द्वारा नामित किसी एजेंसी को उस एजेंसी द्वारा निर्धारित की गई कीमत पर सौंप दिया जायेगा।

ये यूनिट स्वर्ण और अन्य बहुमूल्य धातुओं से विनिर्मित कच्चे माल, अलाय कैरट, स्वर्ण रंगीन स्वर्ण, कीमती धातु जिनमें चांदी, प्लाटिनम और प्लाडियिम, फाइन्डिंग्स, माउन्टिंग्स, साकेट और फ्रेम भी शामिल है, का आयात कर सकती है। ये यूनिटें हीरे, रंगीन और पत्थरों अर्ध मूल्यवान पत्थरों सिन्थेटिक पत्थरों मोतियों आदि का भी आयात कर सकती है । उसके अतिरिक्त इन यूनिटों को भारतीय स्टेट बैंक या वाणिज्य मंत्रालय द्वारा नामित किसी अन्य एजेंसी के जरिये 0.995 परिशुद्धता वाला स्वर्ण भी उपलब्ध कराया जा सकता है। 0.995 परिशुद्धता वाला स्वर्ण की आपूर्ति के लिये निर्यात संसाधन क्षेत्र के लिये विकास आयुक्त अथवा निर्यात-अभिमुख यूनिट परिसर के प्रायोजित प्राधिकारी के जरिये आवेदन कर सकती है। इन यूनिटों को निर्यात अभिमुख यूनिट स्कीम और निर्यात संसाधन क्षेत्र स्कीम पर लागू प्रक्रिया के अनुसार पूंजीगत माल, प्रोटोटाईप्स, तकनीकी नमूनों, उपभोज्यों, अतिरिक्त पुर्जों और पैकेजिंग सामग्री के आयात की अनुमति दी जा सकती है । तथापि भारतीय स्टेट बैंक को छोड़कर 0.999 शुद्धता वाले स्वर्ण के आयात की अनुमति नहीं होगी।

मूल्य संयोजन को उस मूल्य पर संगणित किया जाय जिस मूल्य पर स्वर्ण कन्टेंट (जिसमें वेस्टेज भी शामिल हैं), चाहे वह 0 995 परिशुद्धता अथवा कोई अन्य शुद्धता वाला स्वर्ण हो, का आयात किया गया हो। इसी प्रकार की प्रक्रिया आयातित चांदी (बिना वेस्टेज के) पर भी लागू होगी । सादे और जड़ित स्वर्ण आभूषणों जिनमें वस्तुएं भी शामिल हैं, के निर्यात के लिये न्यूनतम मूल्य संयोजन क्रमशः 10% और 15% होगा । चांदी के के सादे/जड़ित आभूषणों और वस्तुओं के लिये न्यूनतम मूल्य संयोजन 25 प्रतिशत होगा । एक निर्यातक को तराशे और पालिश किये गये हीरों, बहुमूल्य और अर्ध मूल्यवान पत्थरों, मोतियों और सिन्थेटिक पत्थरों जिनका उपयोग स्टेडिस के रूप में किया गया हो, के मूल्य पर 5 प्रतिशत अतिरिक्त मूल्य संयोजन प्राप्त करने की भी आवश्यकता है । माउन्टिंग्स, फाइन्डिंग्स, आदि के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य का भी मूल्य संयोजन के लिये हिसाब में लिया जाये और उनका आयात और निर्यात निबल के लिये निबल के आधार पर किया जायगा।

कम तराशे और पालिश किये गये हीरों और बहुमूल्य अर्ध मूल्यवान पत्थरों का निर्यात करने वाली यूनिटों के मामले में प्राप्त किये जाने वाले आवश्यक न्यूनतम मूल्य संयोजन को घरेलू टैरिफ क्षेत्र से ऐसे निर्यातकों के लिये उपलब्ध इसी अवधि की प्रतिपूर्ति दरों के आधार पर संगणित किया जायेगा । स्वर्ण और चांदी के आभूषणों और वस्तुओं से अलग, अन्य कीमती धातुओं से बने आभूषणों और वस्तुओं का विनिर्माण और निर्यात पूर्वोक्त निर्यात अभिमुख यूनिट परिसरों/निर्यात संसाधन क्षेत्रों द्वारा किया जा सकता है । प्लेटिनम और पेडियम आदि के संबंध में मूल्य संयोजन और अन्य आवश्यकताएं महानिदेशक, विदेश व्यापार द्वारा सार्वजनिक सूचना के माध्यम से विनिर्दिष्ट की जायगी।

अनुमत किये जाने वाले आभूषणों के नमूनों को उपयुक्त पहचान के बाद पुनः निर्यात करने की अनुमति दी जा सकती है।

स्वर्ण की स्क्रैप/डस्ट/स्वीपिंग्स निर्यात संसाधन क्षेत्र में स्थित यूनिटों से भारत सरकार टकसाल को भेजने की अनुमति दी जा सकती है और स्टैण्डर्ड स्वर्ण की छड़ों के रूप में उस क्षेत्र को सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार वापिस भेजी जा सकती है।

सम्बन्धित निर्यात संसाधन क्षेत्र निर्यात अभिमुख यूनिट परिसर के विकास आयुक्तों द्वारा इस अध्याय के पैरा 85 के अनुसार अपरिष्कृत हीरों के पुनः निर्यात की अनुमति आयातित अपरिष्कृत हीरों के मूल्य के 5 प्रतिशत तक दी जाएगी।

निर्यात अभिमुख यूनिटें/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटें सरकार द्वारा अनुमोदित प्रदर्शनियों में भाग ले सकती है । देश में लगाई जाने वाली प्रदर्शनियों में बिक्री की अनुमति नहीं होगी । आभूषणों के इन क्षेत्रों/परिसरों से ले जाने और वापस लाने सम्बन्धी तुलाई की प्रक्रिया सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित की जाएगी।

आंशिक रूप में संयोजित आभूषणों का निर्यात भी निर्धारित न्यूनतम मूल्य की संयोजन की अधिप्राप्ति के अध्यधीन अनुमत होगी।

भारतीय खनिज और धातु व्यापार निगम लि. समय-समय पर संशोधित निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार इस योजना के अंतर्गत स्थापित स्वीकृत स्वर्ण आभूषण

विनिर्माण करने वाली निर्यात यूनिटों को स्वर्ण अनाप कैरेट स्वर्ण फाइंडिंग्स समेत जिनमें 0.999 परिशुद्धता वाला स्वर्ण शामिल नहीं है, स्वर्ण, स्वर्ण मध्यस्थों और संघटकों की भी आपूर्ति करेगा।

एम.एम.टी.सी./भारतीय स्टेट बैंक समय-समय पर यथा विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार इस स्कीम के अंतर्गत स्थापित चांदी के आभूषण विनिर्माता निर्यातकर्ता यूनिटों को 0.999 परिशुद्धता अथवा 0.995 परिशुद्धता की चांदी की आपूर्ति कर सकती हैं।

स्वर्ण आभूषणों और वस्तुओं के निर्यात और प्रतिपूर्ति की उपर्युक्त नीति आवश्यक परिवर्तनों सहित प्लैटिनम आभूषणों एवं वस्तुओं पर भी लागू होगी सिवाए इस बात के कि एम एम टी सी निर्यात कों के लिए प्लैटिनम का आयात और सर्विस प्रदान करेगा। इस प्रयोजन के लिए एम एम टी सी 0.9999 परिशुद्धता का प्लैटिनम आयात करेगा।

घ. घरेलू टैरिफ क्षेत्र में स्थित यूनिटों द्वारा प्रतिपूर्ति के अन्तर्गत 18 कैरेट से ऊपर के स्वर्ण का सीधे आयात करने हेतु योजना।

सादे स्वर्ण आभूषणों के निर्यात के मद्दे जहां निर्यात आयात निर्मुक्त विदेशी मुद्रा में पूर्णतः अधिप्राप्त की जा चुकी हो, लाइसेंसिंग प्राधिकारी सीधे आयात के लिए निर्यात के जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 87 प्रतिशत की दर से अहस्तान्तरणीय प्रतिपूर्ति लाइसेंस जारी कर सकता है।

(1) 0.995 परिशुद्धता वाले स्वर्ण, और (2) 0.920 परिशुद्धता, वाली फाइंडिंग्स/माउंटिंग्स, जो लाइसेंस के मूल्य का 10 प्रतिशत तक होगी जो लाइसेंस के समूचे मूल्य के अंतर्गत होगी और (3) शेष मूल्य के लिए रफ डायमण्ड, रफ कलर्ड जैम स्टोन्सस और रौयल कलचर्ड पलेस अनड्रिल्ड/अनसेट

जड़ित स्वर्ण आभूषणों के निर्यात के लिए जहां निर्यात आय विदेशी मुद्रा में पूर्णतः अधिप्राप्त हो चुकी हो, संबंधित प्राधिकारी निम्नलिखित के सीधे आयात के लिए निर्यातों के जहाज पर्यन्त मूल्य के 80 प्रतिशत की दर से अहस्तान्तरणीय प्रतिपूर्ति लाइसेंस जारी कर सकता है:

(1) 0.995 परिशुद्धता वाला स्वर्ण, जिसकी कीमत निर्यातित स्वर्ण जड़ित आभूषणों में उपयोग में लाये गये शुद्ध स्वर्ण (0.999 परिशुद्धता), की मात्रा, जैसा कि सीमाशुल्क प्राधिकारी द्वारा प्रमाणीकृत की गई हो, को हिसाब में लेकर निर्यात की तारीख को शुद्ध स्वर्ण (0.999 परिशुद्धता) के अंतर्राष्ट्रीय मूल्य द्वारा गुणा करके, भारतीय स्टेट बैंक की पदनामित शाखाओं द्वारा प्रमाणित किया गया हो, स्टडिंग्स के अवशिष्ट प्रतिपूर्ति मूल्य का 20 प्रतिशत जमा करके निर्धारित की जाएगी।

(2) लाइसेंस के मूल्य के 10 प्रतिशत तक तथा लाइसेंस के समूचे मूल्य के अन्तर्गत 0.920 परिशुद्धता की स्वर्ण फाइंडिंग्स/माउंटिंग्स, और

(3) अपरिष्कृत हीरे, अपरिष्कृत रंगीन रत्न पत्थर और शेष मूल्य के लिए अपेक्षित बिना सेट किये हुए रौयल अथवा कलचर्ड पोती उपयुक्त प्रावधानों के होते हुए भी प्लेन स्वर्ण आभूषणों के निर्यात के बाद तथा निर्मुक्त विदेशी मुद्रा में बिक्री आय की अधिप्राप्ति की प्रतीक्षा किए बिना लाइसेंसिंग प्राधिकारी निर्यातक द्वारा घोषित निर्यात के जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 87 प्रतिशत मूल्य के बराबर अहस्तान्तरणीय प्रतिपूर्ति लाइसेंस जारी कर सकते हैं। इस प्रयोजन के लिए निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ लाइसेंस जारी करने के लिए निर्यातक एक आवेदन करेगा।

(1) सीमाशुल्क द्वारा साक्ष्यांकित बीजक;

(2) कस्टम का अधिप्रमाणीकृत पोत परिवहन बिल; और

(3) निर्यातों के अनुमानित जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के बारे में एक घोषणा।

निर्मुक्त विदेशी मुद्रा में बिक्री आय की सम्पूर्ण अधिप्राप्ति के बाद निर्यातक शेष अहस्तान्तरणीय प्रतिपूर्ति लाइसेंस को जारी करने का आवेदन करेगा यदि कोई हो, जो अधिप्राप्ति सम्बन्धी बैंक प्रमाण पत्र के साथ देना होगा यदि देय हो, तो अतिरिक्त हकदारी के लिए भी लाइसेंस जारी किया जाएगा अन्यथा पहले से जारी किये गए लाइसेंस का मूल्य सम्बन्धित निर्यातों के मद्दे समाजित किया जाएगा यदि समायोजन अपूर्ण हो तो शेष मूल्य की उसकी भविष्य की हकदारी में से समायोजित किया जाएगा।

प्रतिपूर्ति लाइसेंस इसके जारी किये जाने की तारीख से 8 महीनों की अवधि के लिये वैध होंगे।

छ. स्वर्ण अग्रदाय लाइसेंस के अन्तर्गत घरेलू टैरिफ क्षेत्र में स्थित यूनिटों द्वारा निर्यात उत्पादन के लिए निर्यात पूर्व आधार पर 18 कैरेट से ऊपर के स्वर्ण के आयात की योजना

पूर्ववर्ती तीन लाइसेंसिंग वर्षों के दौरान तीन करोड़ रुपय और इससे अधिक के सादे और जड़ित स्वर्ण आभूषणों के औसत निर्यात निष्पादन करने वाला निर्यातक अपने अपने स्वर्ण के नाम में वैध निर्यात ठेके के मद्दे स्वर्ण अग्रदाय लाइसेंस का पात्र होगा। यह लाइसेंस उसके सर्वोत्तम तीन वर्षों में जमा उस पर 25 प्रतिशत के बराबर मूल्य के लिए जारी किया जा सकता है। उसकी सूची पात्रता के अन्तर्गत निर्यातक सादे और जड़ित स्वर्ण आभूषणों के निर्यात के लिए अलग से स्वर्ण अग्रदाय

लाइसेंस के लिये आवेदन कर सकता है। लाइसेंस में निम्नलिखित शर्तें विहित होंगी :

(1) नीचे निर्दिष्ट तरीके से निर्यात आभार ;

(2) लाइसेंस मूल्य की शर्तों में होगा और वह 0.995 परिशुद्धता वाले स्वर्ण के निर्यात के लिए वैध होगा

(3) लाइसेंस अहस्तान्तरणीय होगा ;

(4) लाइसेंस के मुद्दे स्वर्ण का आयात किये जाने के निर्यात किये जायेंगे ,

(5) लाइसेंस इसके जारी होने की तारीख से छः माह के लिए वैध होगा।

सादे स्वर्ण आभूषणों के निर्यात के लिए जारी किए गए स्वर्ण अग्रदाय लाइसेंस के लिए 87 प्रतिशत के विपरीत अनुपात में निर्यात आभार होगा अर्थात् यदि स्वर्ण अग्रदाय लाइसेंस 87 अमरीकी डालर के लागत-बीमा भाड़ा मूल्य के लिए जारी किया जाता है तो निर्यात आभार 100 अमरीकी डालर होगा। स्वर्ण जड़ित आभूषणों निर्यात आभार पर 80 प्रतिशत के विपरीत अनुपात में निर्धारित किया। अर्थात् यदि स्वर्ण अग्रदाय लाइसेंस 80 अमेरिकी डालर के लागत बीमा-भाड़ा मूल्य के लिए जारी किया जाता है तो निर्यात आभार 100 अमेरीका डालर होगा निर्यात आभार स्वर्ण की प्रत्येक प्रेषण की निकासी की तारीख से 120 दिनों के भीतर पूरे किए जाएंगे तथा निर्यातक इन निर्यातों पर प्रतिपूर्ति के लाभ का दावा किसी अन्य स्कीम के अन्तर्गत आभार की उसके द्वारा तोड़ी गई सीमा तक नहीं करेंगे।

89. अन्य प्रावधान :—निर्यातक को ऊपर 88 (च) और 88 (छ) में दी गई योजनाओं को छोड़कर निर्यात के जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 3% तक एजेन्सी कमीशन का भुगतान करने की अनुमति है। जहां कहीं एजेन्सी कमीशन का भुगतान किया जाए वहां वह एजेन्सी कमीशन की प्रतिशतता द्वारा न्यूनतम मूल्य संयोजन में तदनुरूप वृद्धि की जाएगी।

90. पैरा 88(क) से (ङ) तक उल्लिखित योजनाओं के अन्तर्गत निर्यातकों को प्रक्रिया पुस्तक में निहित अनुसार स्वर्ण बैंस्टेज अथवा विनिर्माण घाटे की अनुमति होगी।

91. ऐसे मामले में जहां निर्यातक न्यूनतम निर्धारित मूल्य संयोधन प्राप्त करे, वहां सादे, स्वर्ण/चांदी के आभूषणों के निर्यात पर पैरा 88 (क) से (ग) तक में उल्लिखित योजना के अन्तर्गत रत्न प्रतिपूर्ति लाइसेंस जारी किए जा सकते हैं ऐसे लाइसेंस का मूल्य न्यूनतम मूल्य संयोजन की अतिरिक्त अधिप्राप्ति के के सन्दर्भ में निर्धारित किया जाएगा। जड़ित स्वर्ण चांदी के आभूषणों और वस्तुओं के निर्यातक , रत्न प्रति पूर्ति लाइसेंस के पात्र होंगे जिन बैरटेज सहित सोने पर मूल्य संयोजन के लिए गणना करने के बाद, निर्यात की गई मदों में उपयोग में लाई गई स्टडिंगस के मूल्य को ध्यान में रखकर दिया जाएगा लाइसेंसिंग के प्रयोजन के लिए स्टाडिंग्स को चार वर्गों में बांटा जाएगा नामशः ;

(क) हीरें

(ख) बहुमूल्य पत्थर,

(ग) अर्द्ध मूल्यवान और सिन्थेटिक पत्थर और न्यूविक जिरकोनिया और

(घ) मोती

प्रतिपूर्ति का पैमाना प्रक्रिया पुस्तक में दिया गया है। ये लाइसेंस बिना आरिष्कृत हीरों बहुमूल्य पत्थरों अर्द्ध मूल्यवान पत्थरों सिन्थेटिक पत्थरों और मोतियों के आयात के लिए वैध होंगे। इसके अतिरिक्त लाइसेंस, लाइसेंस के मूल्यों के 1 प्रतिशत तक आभूषणों के बक्सों के आयात के लिए भी वैध होगा।

92. बीजक :—सभी स्कीमों के अन्तर्गत आयात और निर्यात के बीजक अमरीकी डालर में होंगे।

अध्याय— नौ

निर्यात अभिमुख यूनिटें और निर्यात संसाधन क्षेत्रों क्षेत्रों की यूनिटें।

93. पात्रता अपने सारे उत्पादन को निर्यात करने का दायित्व लेने वाली यूनिटें निर्यात अभिमुख यूनिट (ई ओ. यू.) या निर्यात संसाधन क्षेत्र (ई.पी जेड) स्कीम के अन्तर्गत (घरेलू टैरिफ क्षेत्रों को छोड़ कर जैसा कि नीति के अन्तर्गत अनुमेय हो) स्थापित की जा सकता है ऐसी यूनिटें साफटवेयर कृषि एक्वाकल्चर पशुपालन फूलों का खेता बागवानी मत्स्यापालन मुर्गीपालन और रेशम उत्पादन के विनिर्माण या उत्पादन में लगी हो सकती है सेवा कार्य कलापों में लगी यूनिटों पर भी गुणवत्ता के आधार पर विचार किया जा सकता है।

94. माल का आयात निर्यात अभिमुख यूनिट निर्यात संसाधन यूनिट सभी प्रकार का माल पूंजीगत माल सहित बिना शुल्क के आयात कर सकती हैं जो इसके विनिर्माण के के लिए आवश्यक हो बशर्ते कि वे आयातों की निषेधात्मक सूची में वर्जित मदें न हों।

95. पुराना पूंजीगत माल :—पुराना पूंजीगत माल का आयात भी अध्याय पांच में में दिए गए प्रबंधन के अनुसार किया जा सकता है।

96. पूंजीगत माल का पट्टा करना :— पार्टियों के बीच में हुए पक्की संविदा के आधार पर कोई निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटें घरेलू पट्टे वाली कम्पनी से पूंजीगत माल उठा सकती है ऐसे मामले में में घरेलू पट्टे वाली कम्पनी शुल्क मुक्त पंजीगत माल आयात करने की पात्र होगी तथा निर्यात अभिमुख यूनिट निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटों को इसकी आपूर्ति ऐसी शर्तों पर करेगी जो दोनों पार्टियों में आपसी सहमति निर्धारित की जाए तथापि जब तक कि कि यूनिट द्वारा आभार पूरा नहीं किया जाता तब तक पूंजीगत माल निर्यात अभिमुख यूनिट निर्यात संसाधन क्षेत्रों की यूनिटों की पूंजी परिसम्पत्ति के एक भाग के रूप में बना रहेगा और उन्हें किसी अन्य उपयोग में नहीं लाया जाएगा।

97. मूल्य संयोजन और निर्यात आभार :— यूनिट कम से कम 20 % का मूल्य वर्धन प्राप्त करेगी किन्तु परिशिष्ट-दो में विनिर्दिष्ट उद्योगों में लगी हुई यूनिटें उसमें निर्दिष्ट मूल्य वर्धन मानदण्डों को पूरा करेगी। अनुज्ञा पत्र/आशय पत्र में केवल विनिर्दिष्ट निर्यात के लिए विनिर्माण की मदें मूल्य संयोजन और निर्यात आभार के निष्पादन के लिए हिसाब में ली जाएंगी।

98. विधिक वचन बद्धता : यूनिट संबंधित विकास आयुक्त को एक बन्धपत्र/विधिक वचनबद्धता प्रस्तुत करेगी और अनुमोदन/आशय-पत्र में निर्धारित आभारों को पूरा न करने पर विफलता के मामले में वह उस बन्धपत्र/विधिक वचनबद्धता या कुछ समय के लिए लागू किसी अन्य कानून के अधीन दण्ड को भागी होगी।

99. न्यूनतम निर्यात मूल्य : नीति के अन्तर्गत, यदि किसी माल का निर्यात घरेलू टैरिफ क्षेत्र से न्यूनतम निर्यात मूल्य के अध्याधीन हो तो उस माल का निर्यात, निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र यूनिट द्वारा उसी न्यूनतम निर्यात मूल्य के अध्यधीन ही किया जाएगा।

100. स्वतः अनुमोदन : परियोजना आवेदन पत्रों पर जो उद्योग मंत्रालय के प्रेस नोट सं. 13(1991 सिरिज) के पैरा-3में निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करते हैं, संबंधित निर्यात संसाधन क्षेत्र के विकास आयुक्त द्वारा 15 दिन के अन्दर-अन्दर स्वतः अनुमोदन किया जाता है । निर्यात अभिमुख यूनिटों के मामले में ऐसा अनुमोदन औद्योगिक अनुमोदन सचिवालय (एस.आई.ए.) द्वारा दिया जाएगा।

101. अन्य मामले : अन्य मामलों में अनुमोदन इस प्रयोजन के लिए गठित किए गए बोर्डों अथवा औद्योगिक अनुमोदन सचिवालय द्वारा जैसा भी मामला हो, किया जा सकता है।

102. डी.टी.ए. बिक्री : निर्यात अभिमुख यूनिटों/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटों का सकल उत्पादन निम्नलिखित को छोड़कर निर्यात किया जाएगा :—

(क) 5 % तक रिजेक्ट्स अथवा अनुमोदन बोर्ड द्वारा यथानिर्धारित प्रतिशत तक रिजेक्ट्स को घरेलू टैरिफ क्षेत्र में बेचा जा सकता है बशर्ते कि उपयुक्त करों का भुगतान कर दिया गया हो, और

(ख) डी टी ए में उत्पादन का 25 % मूल्य शर्तों के रूप में बेचा जा सकता है। डी टी ए की बिक्री न्यूनतम मूल्य संयोजन और निर्यात आभार को पूरा करने की शर्त के अध्यधीन ही होगी। किसी भी डी टी ए की बिक्री, आभूषणों/हीरों, बहुमूल्य और अर्द्धमूल्य पत्थरों/रत्नों, मोटरकारों एल्कोहोलिक शराबों, सिल्वर बुलियन और अन्य ऐसी मदें जिनके बारे में महानिदेशक, विदेश व्यापार द्वारा सार्वजनिक सूचना के माध्यम से निर्धारित किया गया हो, अनुमेय नहीं होगी । लेकिन कृषि, एक्वा-कल्चर, पशुपालन, फूलों की खेती, बागवानी, मत्स्यपालन और रेशम उत्पादन में निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन जोन की यूनिट के सम्बन्ध में यूनिट मूल्य के अनुसार अपने उत्पादन के 50 % तक को घरेलू टैरिफ क्षेत्र में बेचने के लिए स्वतंत्र है, बशर्ते कि न्यूनतम मूल्य संयोजन और निर्यात आभार को पूरा करती हो।

103. निर्यात आभार : निर्यात आभार पूरा करने में निम्नलिखित आपूर्तियों को हिसाब में लिया जाएगा :—

(क) विश्व टेंडर शर्तों के अधीन घरेलू टैरिफ क्षेत्र में की गई आपूर्ति;

(ख) विदेशी मुद्रा में भुगतान के मद्दे घरेलू क्षेत्र में की गई आपूर्ति;

(ग) अग्रिम लाइसेंसों तथा आयात लाइसेंसों के मद्दे आपूर्ति;

(घ) विकास आयुक्त की अनुमति से अन्य निर्यात अभिमुख यूनिटों/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटों के लिए आपूर्ति।

104. निर्यात सदन व्यापार सदन स्टार व्यापार सदन के जरिये निर्यात : कोई निर्यात अभिमुख यूनिट निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिट अपने विनिर्मित माल का निर्यात इस नीति के अन्तर्गत मान्यता प्राप्त किसी निर्यात सदन व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन अथवा अन्य निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संवर्धन क्षेत्र यूनिटों के जरिए कर सकती है। यह अनुमति केवल

निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन अथवा अन्य निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र यूनिटों द्वारा माल के विपणन तक ही सीमित है। माल का विनिर्माण निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र का यूनिटों में किया जाएगा। मूल्य वर्धन तथा निर्यात आभार और साथ ही आयात एवं निर्यात संबंधी कोई अन्य आभार निर्यात उन्मुख यूनिट संसाधन क्षेत्र की यूनिट द्वारा पूरे किए जाते रहेंगे।

105 विकास आयुक्त निम्नलिखित की भी अनुमति दे सकता है :—

(क) निर्यात अभिमुख यूनिटों/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटों द्वारा उत्पादित माल के समुचित मात्रा में, नमूनों की आपूर्ति या बिक्री जो लगाए जाने वाले शुल्क का भुगतान करने पर प्रदर्शनी या प्रचार आदेशों के लिए हो। ऐसे माल को लौटाने का समुचित आश्वासन देने पर ऐसे नमूनों को यूनिटों से हटाने की अनुमति दी जा सकती है।

(ख) डी. टी. ए. में बिक्री किए गए परन्तु त्रुटिपूर्ण पाए गए माल की मरम्मत विस्थापन हेतु वापिस लाना। ऐसा माल यूनिट से हटाया जा सकता है बशर्ते कि माल की पहचान हेतु सीमाशुल्क प्राधिकारी संतुष्ट हों।

(ग) मरम्मत/परीक्षण अथवा व्यासममापन हेतु डी. टी. ए. के माल का स्थानान्तरण बशर्ते कि निर्यात अभिमुख यूनिट के मामले में इसकी अनुमति सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा दी जाए।

106. डी. टी. ए. से आपूर्ति के लाभ.—घरेलू टैरिफ क्षेत्र से निर्यात अभिमुख यूनिटों/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटों को आपूर्ति 'अभिग्रहीत निर्यात' समझी जाएगी और इस नीति के पैरा-122 के अन्तर्गत मिलने वाले लाभों के अतिरिक्त निम्नलिखित लाभों की पात्र होगी :—

(क) केन्द्रीय बिक्री कर की वापसी,

(ख) पूंजीगत माल, संघटकों तथा कच्चे माल पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क के भुगतान से छूट, और

(ग) सभरक पर निर्यात आभार, यदि कोई हो, का निष्पादन।

107 शर्तें.—पैराग्राफ 106 के अन्तर्गत बताए गए लाभ उपलब्ध होंगे बशर्ते कि आपूर्ति किया गया माल देश में निर्मित किया गया हो।

108. निर्यात संसाधन क्षेत्र निर्यात अभिमुख यूनिटों के लिये लाभ.—रियायती किराया —निर्यात संसाधन क्षेत्र में स्थापित यूनिटें तीन वर्षों के लिए आबंटित औद्योगिक प्लाट तथा मानक डिजाइन फैक्टरी (एस. डी. एफ.) भवन/शैड के पट्टे के लिए प्रथम निम्नलिखित दरों पर रियायती किराए के लिए पात्र होंगी :—

प्लाटों के लिए :—यदि पहले अथवा दूसरे वर्ष में उत्पादन प्रारम्भ हो गया हो तो यह रियायत पहले वर्ष के लिए 75%, दूसरे वर्ष के लिए 50% तथा तीसरे वर्ष के लिए 25% होगी। यदि उत्पादन दूसरे वर्ष के अन्त तक प्रारम्भ नहीं हुआ हो तो तीसरे वर्ष के लिए रियायत नहीं दी जाएगी।

मानक डिजाइन फैक्टरी भवन /शैड के लिए :—यदि उत्पादन पहले वर्ष में प्रारम्भ हो गया हो, तो पहले वर्ष के लिए रियायत 50% तथा दूसरे वर्ष के लिए 40% होगी। यदि उत्पादन पहले वर्ष में प्रारम्भ हो गया हो तो तीसरे वर्ष के लिए 25% की रियायत मिलेगी। यह रियायत उपलब्ध नहीं होगी यदि पहले ही वर्ष के अन्त तक उत्पादन प्रारम्भ हुआ न हो।

कर छूट :—निर्यात अभिमुख यूनिटों और निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटों को कार्यप्रारम्भ करने के प्रथम 8 वर्षों में 5 वर्षों के ब्लाक के दौरान निगमित कर के भुगतान में छूट होगी।

निर्यात अभिमुख यूनिटों और निर्यात संवर्धन जोन यूनिटों के निर्यात के जहाज पर्यन्त नि:शुल्क मूल्य को इसकी पैरेन्ट कम्पनी के निर्यात के जहाज पर्यन्त नि:शुल्क मूल्य से डी टी ए में निर्यात सदन, व्यापार सदन अथवा स्टार व्यापार सदन का दर्जा देने के लिए उन्नयन हेतु जोड़ा जा सकता है।

शत-प्रतिशत विदेशी इक्विटी :—निर्यात अभिमुख यूनिटों और निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटों के मामले में शत-प्रतिशत तक की विदेशी इक्विटी अनुमेय है।

109 अन्त. यूनिट स्थानांतरण.—विकास आयुक्त एक निर्यात संसाधन क्षेत्र यूनिट से दूसरी निर्यात संसाधन क्षेत्र यूनिट, एक निर्यात संसाधन क्षेत्र यूनिट से एक निर्यात अभिमुख यूनिट, निर्यात अभिमुख यूनिट से एक निर्यात संसाधन यूनिट या निर्यात अभिमुख यूनिट से दूसरी निर्यात अभिमुख यूनिट को विनिर्मित माल के स्थानान्तरण की अनुमति दे सकता है।

110. निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटों द्वारा आयातित माल को विकास आयुक्त की अनुमति से अन्य निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिट को उधार पर दिया जा सकता है अथवा स्थानान्तरित किया जा सकता है।

111 उप संविदा करना.-निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन यूनिटों को अपने उत्पादन के भाग को घरेलू टैरिफ क्षेत्र की यूनिटों को फुटकर काम के लिए उप-संविदा करने की अनुमति प्रत्येक मामले के आधार पर दी जा सकती है। इस मामले में प्राप्त अनुरोध पर संबद्ध सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा कतिपय कारकों के आधार पर विचार किया जा सकता है जैसे कि बाण्ड भरने का औचित्य निवेश एवं उत्पादन मानदण्डों का निर्धारण तथा संबद्ध यूनिटों द्वारा वचन/बंधपत्र प्रस्तुत करना।

112. आयातित माल की बिक्री यदि कोई निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिट वैध कारणों से आयातित माल का उपयोग करने में असमर्थ रहती है, तो वह विकास आयुक्त की अनुमति से पुनः निर्यात कर सकती है, बशर्ते कि मूल्यांकन आदि के संदर्भ में सीमाशुल्क प्राधिकारियों ने अनुमति दे दी हो। ये शुल्कों का अदायगी पर विकासआयुक्त की अनुमति से घरेलू टैरिफ क्षेत्र के किसी वास्तविक उपयोक्ता को भी ऐसे माल का स्थानान्तरण किया जा सकता है।

113. आयातित मशीनरी/पूंजीगत माल जो पुराना हो गया हो, उसके घटे हुए मूल्य पर सीमाशुल्क का भुगतान करने के अध्यधीन निपटाया जा सकता है।

114 रद्दी माल का निपटान : इसके लिए अनुमोदन बोर्ड द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अध्यधीन विकास आयुक्त उत्पादन प्रक्रिया, लागू शुल्कों और करों का भुगतान करने पर से उत्पन्न रद्दी/अशिष्ट उत्पाद/अवशेष की बिक्री अथवा उनका निपटान किसी अन्य ढंग से घरेलू टैरिफ क्षेत्र में करने की अनुमति दे सकता है। परिशिष्ट—दो में विनिर्दिष्ट मानदण्डों को ध्यान में रखते हुए बोर्ड द्वारा महानिदेशक, विदेश व्यापार द्वारा इस बारे में जारी की गई सार्वजनिक सूचना में विनिर्दिष्ट मानदण्डों को ध्यान में रखते हुए ऐसी रद्दी/अपशिष्ट उत्पाद/अवशेष का प्रतिशत निर्धारित किया जाएगा।

115. निजी बंधित माल गोदाम : निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन निर्यात अभिमुख यूनिटों तथा निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटों के लिए शुल्क कच्चे माल, संघटक आदि के स्टाक एवं बिक्री के लिए निर्यात संसाधन क्षेत्रों के भीतर निजी माल-गोदाम स्थापित करने की अनुमति दी जा सकती है :—

(क) निजी बंधित माल-गोदाम निर्यात संसाधन क्षेत्र के अन्दर स्थित होंगे;

(ख) ऐसे निजी बंधित माल गोदाम के लिए मालों की अनुमति विशिष्ट लाइसेंसों के मदें दी जाएगी, ऐसी मदों के आयात के लिए कोई अनुमति नहीं दी जाएगी जो उपभोक्ता यूनिटों द्वारा अपेक्षित न हों; और

(ग) निजी माल गोदाम द्वारा आयातित मदों को घरेलू टैरिफ क्षेत्र में बिक्री की अनुमति नहीं दी जाएगी।

116. बंधपत्र की लागू अवधि . निर्यात अभिमुख स्कीम के अंतर्गत यूनिटों के लिए बंधपत्र की लागू अवधि 10 वर्ष होगी। तीव्र प्रौद्योगिकी परिवर्तन करने वाले उत्पादों के मामले में यह अवधि अनुमोदन बोर्ड (बी. ओ. ए.) द्वारा घटाकर 5 वर्ष की जा सकती है। बंधपत्र की लागू अवधि पूरी होने पर यह यूनिट की इच्छा पर निर्भर होगा कि वह इसे जारी रखे या स्कीम में कोई विकल्प चुने। तथापि बंधपत्र में इस प्रकार की मुक्ति विकल्प देते समय लागू औद्योगिक नीति के अध्यधीन दी जाएगी।

117. बंधपत्र से विमुक्ति :—निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटों को निर्यात आभार, मूल्य वर्धन या अन्य अपेक्षाओं की पूर्ति में असमर्थ होने पर अनुमोदन बोर्ड की संतुष्टि पर बाण्ड रहित किया जा सकता है। इस प्रकार बंधपत्र से वंचित करने में ऐसे दण्ड दिए जाएंगे जिन्हें निम्नलिखित करों के आधार पर लगाया जा सकता है :—

(क) घटे हुए मूल्य पर लेकिन आयात के समय प्रचलित दरों पर पूंजीगत माल पर सीमाशुल्क;

(ख) आयात के समय मूल्य पर तथा निकासी के समय चालू दरों पर अप्रयुक्त कच्चे माल और संघटकों पर सीमाशुल्क।

118 परिवर्तन.—मौजूदा बी.टी.ए. यूनिटें किसी निर्यात अभिमुख यूनिट में परिवर्तन के लिए आवेदन कर सकती हैं लेकिन पहले से स्थापित संयंत्र, मशीनरी और उपस्कर के लिए योजना के अंतर्गत शुल्कों और करों में कोई छूट नहीं दी जाएगी।

119. मूल्य संयोजन —इस अध्याय के लिए "मूल्य संयोजन" प्रतिगणना के रूप में व्यक्त किया जाएगा और निम्नलिखित सूत्र के अनुसार संगणित किया जाएगा :—

$$\text{बी.ए.} = \frac{\text{ए}-\text{बी}}{\text{ए}} \times 100, \text{ जहां}$$

बी.ए. मूल्य संयोजन है

ए निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिट द्वारा वसूल किया गया जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य है, और

बी. एक ऐसा मूल्य है जो सभी आयातित निवेशों के लागत बीमा भाड़ा मूल्यों, सभी आयातित पूंजीगत माल का लागत बीमा भाड़ा मूल्य और जो प्रथम 5 वर्षों की अवधि दौरान कमीशन, रायल्टी, फीस, डिविडण्ड, ब्याज के रूप में बाह्य कर्ज अथवा अन्य ऐसे प्रभार के रूप में विदेशी मुद्रा में किए गए समान ऐसे भुगतानों का योग है। "निवेश" का अर्थ है कच्चा माल, मध्यवर्ती संघटक, उपभोज्य पूर्जे और पैकिंग सामग्री।

टिप्पणी 1. यदि कोई भी निवेश किसी अन्य निर्यात अभिमुख यूनिट निर्यात संसाधन क्षेत्र यूनिट से प्राप्त की जाती है तो ऐसे निवेशों का मूल्य बी के अंतर्गत शामिल किया जाएगा।

टिप्पणी 2. यदि कोई भी पूंजीगत माल जो निःशुल्क प्रभार पर आयात किया जाता है और घरेलू वित्तीय कम्पनी से पट्टे पर दिया जाता है तो उस पूंजीगत माल की लागत बीमा भाड़ा मूल्य बी के अंतर्गत शामिल किया जाएगा।

टिप्पणी 3. उन परियोजनाओं के मामले में जहां भूमि, भवन, प्लांट और मशीनरी का निवेश 200 करोड़ रुपये से अधिक हो वहां पूंजीगत माल का मूल्य भाग वर्षों की अवधि से अधिक तक चुकाया जाएगा अर्थात् ऐसे मामलों में आयातित पूंजीगत माल के लागत बीमा भाड़ा मूल्य को केवल 5/7 वां हिस्सा बी के अंतर्गत शामिल किया जाएगा।

अध्याय दस

अभिग्रहीत निर्यात

120. परिभाषा :—"अभिग्रहीत निर्यात" का अर्थ उस लेन देन से है जिसमें संभरित किया गया माल देश से बाहर नहीं जाता है और संभरक माल द्वारा माल के लिए भुगतान भारतीय रुपयों में प्राप्त किन्तु संभरण से देश के लिए विदेशी मुद्रा की आय अथवा बचत होती है।

121 संभरण की श्रेणियां.—इस नीति के तहत निम्नलिखित श्रेणियों के माल का संभरण "अभिग्रहीत निर्यात" के रूप में माना जाएगा बशर्ते कि माल भारत में विनिर्मित है और भुगतान भारतीय रुपयों में प्राप्त हुआ है :

(क) शुल्क मुक्त स्कीम के तहत जारी "शुल्क मुक्त लाइसेंसों" के मद्दे माल का संभरण।

(ख) विदेशी समुद्री जहाजों और विदेशी हवाई सेवाओं को भारत में माल का संभरण।

(ग) निर्यात संसाधन क्षेत्रों (ई.पी.जेड.) या निर्यात अभिमुख यूनिटों (ई.ओ.यू.) में स्थित यूनिटों को माल का संभरण।

(घ) तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग (ओ.एन.जी.सी.) आयल इंडिया लि. (ओ. आई. एल.) और भारतीय गैस प्राधिकरण लिमिटेड (जी.ए.आई.एल.) को उनके अपतटीय और तटीय अनुसंधान, ड्रीलिंग और उत्पादन प्रक्रियाओं के लिए पूंजीगत माल, संघटकों, पुर्जों कच्चे माल, उपभोज्यों, उपकरणों, उपसाधित्रों औजारों और अतिरिक्त पुर्जों का संभरण।

(ङ) निम्नलिखित बहुपक्षीय या द्विपक्षीय अभिकरणों निधियों या अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगी बोली के तहत या उन अभिकरणों/निधियों की प्रक्रियाओं के अनुसार सीमित निविदा पद्धति के तहत केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित किसी अन्य अभिकरण निधि द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं को माल और सेवाओं का संभरण :—

(1) अरब आर्थिक विकास के लिए आबूधाबी फण्ड।

(2) एशियाई विकास बैंक (ए.डी.बी.)।

(3) अन्तर्राष्ट्रीय पुनः निर्माण और विकास बैंक (आई.बी.आर.डी./आई.डी.ए.)।

(4) कृषि विकास अन्तर्राष्ट्रीय निधि (आई.एफ.ए.डी.)।

(5) क्रेडिटांसडालटफर वीडेराफबाऊ के.एफ.डब्लू।

(6) अरब आर्थिक विकास के लिए कुवैती निधि।

(7) पेट्रो निर्यातक देश संघ निधि (ओपेक)।

(8) सऊदी विकास निधि (एस.एफ.डी.)।

(9) संयुक्त राज्य अन्तर्राष्ट्रीय विकास अभिकरण (यू.एस.ए.आई.डी.)।

(10) विदेश आर्थिक सहयोग निधि के माध्यम से मार्गीकृत येन क्रेडिट (ओ.ई.सी.एफ.)।

(11) जापान का निर्यात आयात बैंक।

(12) अन्तर्राष्ट्रीय वित्त निगम (आई.एफ.सी.)।

(13) कनाडियन अन्तर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी।

(14) ओवरसीज विकास एजेंसी।

(च) उर्वरक संयंत्रों को भारतीय मुख्य ठेकेदारों द्वारा पूंजीगत माल का संभरण, यदि संभरण अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगी बोली की प्रक्रिया के अधीन किया गया हो।

(छ) अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगी बोली के अंतर्गत परियोजनाओं को माल और सेवाओं का संभरण अथवा ऐसी प्रक्रियाएं जहां अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता बोली अथवा इसी प्रकार की प्रक्रियाएं केन्द्रीय सरकार द्वारा प्राधिकृत की गई हों।

(ज) विदेशी सरकार अथवा अभिकरण द्वारा आंशिक अथवा पूर्ण रूप से वित्त पोषित किसी परियोजना को माल की आपूर्ति जैसा कि केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया हो।

122. अभिग्रहीत निर्यात के लिये लाभ.—अभिग्रहीत निर्यात के रूप में पात्रता प्रदान करने वाले माल के विनिर्माण और आपूर्ति के संदर्भ में अभिग्रहीत निर्यात पर निम्नलिखित लाभ दिए जायेंगे :—

(क) अध्याय सात के अधीन शुल्क मुक्त स्कीम।

(ख) शुल्क वापसी स्कीम।

(ग) टर्मिनल उत्पाद शुल्क की वापसी।

अध्याय—ग्यारह

निर्यात

123. मुक्त निर्यात :—सभी निर्यात बिना किसी प्रतिबन्ध के होंगे लेकिन वह वहीं तक सीमित रहेगा जहां तक कि वे निर्यात की निषेधात्मक सूची या इस नीति के प्रावधानों द्वारा या कुछ समय के लिए लागू किसी अन्य कानून द्वारा विनियमित होते हों।

तथापि महानिदेशक, विदेश व्यापार सार्वजनिक सूचना के द्वारा उन शर्तों का उल्लेख कर सकता है जिनके अनुसार वह माल जो निर्यातों की निषेधात्मक सूची में नहीं आता है, बिना लाइसेंस के निर्यात किया जा सकता है। ऐसी शर्तों में न्यूनतम निर्यात मूल्य, उल्लिखित प्राधिकारियों के साथ

पंजीकरण मूल्य संयोजन, मात्रात्मक सीलिंग और अन्य कानूनों, नियमों और विनियमों की अनुपालन का उल्लेख हो सकता है ।

124 पंजीकरण सह-सदस्यता प्रमाण-पत्र (आर.सी.एम.सी.) —कोई भी व्यक्ति जो (1) निर्यात लाइसेंस के लिए अथवा (2) इस नीति के अन्तर्गत किसी अन्य लाभ या (3) छूट के लिए आवेदन करता है उसे निर्यात संवर्धन परिषद (ई.पी.सी.) जिसका वह सदस्य है, से पंजीकरण सह-सदस्यता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा ।

125. हटा दिया गया है।

126. संविदाओं को अनामांकित करना :—सभी निर्यात संविदाएं मुक्त परिवर्तनीय मुद्रा में अनामांकित की जा सकेंगी । उन संविदाओं के मामले में जिनका भुगतान एशियन क्लीयरिंग यूनियन (ए.सी.यू.) के माध्यम से प्राप्त हुआ है तो उसे आयातक अथवा निर्यातक देश के अथवा मुक्त परिवर्तनीय मुद्रा में अनामांकित किया जा सकता है । उचित मामलों में केन्द्र सरकार इसमें दिये गये प्रावधानों में छूट प्रदान कर सकती है ।

127 हटा दिया गया है।

128. पुनः निर्यात :—इस नीति के अधीन मुक्त परिवर्तनीय मुद्रा के भुगतान के आधार पर आयातित माल को उसी अथवा कुछ बदली हुई स्थिति में बिना लाइसेंस के पुनः निर्यात किया जा सकेगा । यदि ऐसे पुनः निर्यात के लिए भुगतान भी मुक्त परिवर्तनीय मुद्रा में प्राप्त किया गया हो बशर्ते कि (क) मद निषेधात्मक सूची में न हो (ख) न्यूनतम 5% का मूल्य संयोजन हो और (ग) कोई कर छूट प्राप्त न की गई हो।

129. निजी असबाब का निर्यात —बाहर जाने वाले भारतीय यात्रियों के वास्तविक निजी असबाब को या तो यात्रियों के साथ ही या यदि साथ न ले जाना हो तो भारत से यात्री के प्रस्थान के पहले या बाद में एक वर्ष के अन्दर ले जाने की अनुमति है । निर्यात की निषेधात्मक सूची में सम्मिलित मदों के लिये खाद्य मदों को छोड़कर एक लाइसेंस लेना जरूरी होगा।

130. जहाज भण्डागार —निषेधात्मक सूची में आने वाली खाद्य मदों को छोड़कर सभी मदों को भी परिवहन दोनों के कर्मीदल तथा यात्री जहाज भण्डार के तौर पर बिना लाइसेंस के ले जा सकते है । निर्यात की निषेधात्मक सूची में सम्मिलित मदों के लिये प्रतिबन्धित मदों को छोड़ कर भारत सरकार के जल भूतल परिवहन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित मदों के लिये लाइसेंस लेना जरूरी नहीं है ।

131 उपहारों का निर्यात :—3,000 रुपये से अधिक मूल्य के किसी भी माल का निर्यात उपहार स्वरूप नहीं किया जा सकता । केवल 3,000 रुपये तक मूल्य की खाद्य सामग्री को छोड़कर निर्यात निषेधात्मक सूची में मदों को उपहार के तौर पर बिना लाइसेंस के निर्यात नहीं किया जा सकता ।

132 अतिरिक्त पुर्जों का निर्यात :—प्लांट, उपस्कर मशीनरी, आटोमोबाइल के देशीय या आयातित वारण्टी अतिरिक्त पुर्जों अथवा अन्य मदों का निर्यात मुख्य उपस्कर के साथ ही साथ या बाद में ऐसे माल के निर्यातों के कुल जहाज पर्यन्त नि:शुल्क मूल्य के 2% तक किया जा सकता है । जहाज पर्यन्त निशुल्क मूल्य के 2% से अधिक मूल्य के अतिरिक्त पुर्जों का निर्यात लाइसेंस के मद्दे अनुमत होगा।

133. पारगमन सुविधा :—भारत के समीपवर्ती देशों को, भारत से या भारत में होकर, माल भेजने की अनुमति है बशर्ते कि यह भारत और उस देश में हुई सन्धि के अनुसार हो ।

134. हटा दिया गया है ।

अध्याय—बारह

निर्यात, सदन व्यापार सदन और स्टार व्यापार सदन

135. परिभाषा समय-समय पर निर्धारित किये गये मानदण्ड के अन्तर्गत व्यापारी और विनिर्माता निर्यातकों और व्यापारिक कम्पनियों इसमें विदेशी ईक्विटी रखने वाली सहित निर्यात अभिमुख यूनिटों (ई.ओ.यू.) और निर्यात संसाधन क्षेत्रों (ई.पी.जैड) में स्थित यूनिटों को निर्यात सदन व्यापार सदन या स्टार व्यापार सदन के रूप में मान्यता दी गई है । सभी निर्यात सदन व्यापार सदन और स्टार व्यापार सदन उनको स्वीकृत समय के लिये उस स्थिति को बनाये रखेंगे ।

136. नवीनीकरण के लिये मानदण्ड तथापि, जब निर्यात सदन, व्यापार सदन या स्टार व्यापार सदन पूर्वोक्त समायावधि की समाप्ति पर नये सिरे से निर्यात सदन, व्यापार सदन या स्टार व्यापार सदन, जैसा भी मामला हो के रूप में मान्यता के लिये आवेदन करता है तो ऐसी मान्यता आगे निर्धारित मानदण्ड के अन्तर्गत दी जायेगी ।

137. मान्यता के लिये मानदण्ड निर्यात सदन व्यापार सदन या स्टार व्यापार सदन के रूप में मान्यता के लिये । 1 अप्रैल, 1993 से गत तीन लाईसेंसिंग वर्षों में वास्तविक निर्यातों का औसत जहाज पर्यन्त निशुल्क मूल्य गत वर्ष में वास्तविक निर्यातों का जहाज पर्यन्त नि:शुल्क मूल्य जो भी पूरा करता हो, निम्नानुसार मानदण्ड होगा :—

श्रेणी	गत तीन लाइसेंसिंग वर्षों के दौरान वास्तविक निर्यातों के जहाज पर्यन्त नि:शुल्क मूल्य का औसत	गत लाइसेंसिंग वर्ष में वास्तविक निर्यातों का जहाज पर्यन्त नि:शुल्क मूल्य
निर्यात सदन	10 करोड़	15 करोड़
व्यापार सदन	50 करोड़	75 करोड़
स्टार व्यापार सदन	250 करोड़	300 करोड़

138. इस मानदण्ड के उद्देश्य के लिए नीति के अध्याय–8 में दिये गये अत्पादों के वास्तविक निर्यात की गणना निर्यातों के वास्तविक जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के पाचवें भाग के रूप में की जायेगी ।

139. अतिरिक्त लाभ.—लघु उद्योगों और हस्तशिल्प क्षेत्रों द्वारा विनियमित उत्पादों के वास्तविक निर्यातों को द्विगुना अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा । इसमें खेल का सामान हाथ से बुनी दरियां और रेशम उत्पाद भी शामिल है ।

140. निर्यातक की सहायक कम्पनी, चाहे वह घरेलू टेरिफ एरिया की हो या निर्यात संवर्धन क्षेत्र में स्थित हो या निर्यात अभिमुख इकाई के रूप में कार्य कर रही हो, के द्वारा किये गये निर्यातों के जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य की गणना पात्रता के उद्देश्य के लिए मुख्य कम्पनी के निर्यात निष्पादन के रूप में की जाएगी ।

141. वैधता अवधि .—निर्यात सदन/व्यापार सदन स्टार/ व्यापार सदन प्रमाणपत्र, जब तक अन्यथा उल्लिखित न हो, उस लाईसेंसिंग वर्ष के 1 अप्रैल से शुरू होने वाले तीन वर्षों की अवधि के लिए वैध होंगे जिसके दौरान मान्यता प्रदान करने हेतु आवेदन किया गया है ।

142. लाभ .—इस संबंध में अधिसूचित की जाने वाली एक स्कीम के अनुसार निर्यात सदन/व्यापार सदन / स्टार व्यापार सदन ऐसे लाभों को प्राप्त करने के हकदार होंगे ।

अध्याय–तेरह

निर्यात संवर्धन परिषदें

143(क) निर्यात नवर्धन परिषदें :- इस समय 19 निर्यात परिषदें है जिनका मूल उद्देश्य देश के निर्यात का संवर्धन एवं विकास करना है । प्रत्येक परिषद किसी एक विशिष्ट उत्पादों के समूह, परियोजनाओं तथा सेवाओं के संवर्धन के लिए उत्तरदायी है । निर्यात संवर्धन परिषदें नीचे दी गई है :-

(1) इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद, कलकत्ता ।

(2) ओवरसीज कन्सट्रक्शन कौंसिल आफ इंडिया, बम्बई ।

(3) ईलैक्ट्रोनिक्स एवं कम्प्यूटर साफटवेयर निर्यात संवर्धन परिषद, नई दिल्ली ।

(4) प्लास्टिक एवं लिनोलियम निर्यात संवर्धन परिषद्, बम्बई ।

(5) मूल रसायन, भेषज तथा प्रसाधन सामग्री निर्यात संवर्धन परिषद्, बम्बई ।

(6) रसायन, एवं सम्बद्ध उत्पाद निर्यात संवर्धन परिषद्, कलकत्ता ।

(7) रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद्, बम्बई

(8) चमड़ा निर्यात परिषद्, मद्रास ।

(9) खेल कूद सामग्री निर्यात संवर्धन परिषद्, नई दिल्ली ।

(10) काजू निर्यात संवर्धन परिषद्, कोचीन ।

(11) चमड़ा निर्यात संवर्धन परिषद्, कलकत्ता ।

(12) परिधान निर्यात संवर्धन परिषद्, नई दिल्ली ।

(13) सिन्थेटिक एवं रेशम वस्त्र निर्यात संवर्धन परिषद्, बम्बई ।

(14) भारतीय रेशम निर्यात संवर्धन परिषद्, बम्बई

(15) कालीन निर्यात संवर्धन परिषद्, नई दिल्ली ।

(16) हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्, नई दिल्ली

(17) ऊन तथा ऊनी वस्त्र निर्यात संवर्धन परिषद्, नई दिल्ली ।

(18) सूती वस्त्र निर्यात संवर्धन परिषद्, टेक्सप्रोसिल बम्बई ।

(19) हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद्, मद्रास

(ख) इस अध्याय के उद्देश्य के लिए निम्नलिखित अभिकरणों को निर्यात संवर्धन परिषदों के रूप में समझा जाएगा :—

(1) फेडरेशन आफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाईजेशन (एफआई ई ओ)

(2) मसाला बोर्ड

(3) तम्बाकू बोर्ड

(4) कृषि एवं ससाधित खाद्य निर्यात विकास प्राधिकरण (एपेडा)

(5) रबड़ बोर्ड

(6) कॉफी बोर्ड

(7) चाय बोर्ड

(8) समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एम पी ई डी ए)

144. लाभ न कमाने वाले संगठन .—निर्यात संवर्धन परिषदें कम्पनी अधिनियम अथवा समितियां पंजीकरण अधिनियम जैसा भी मामला हो, के अन्तर्गत लाभ न कमाने वाले संगठन हैं । इन्हें केन्द्र सरकार द्वारा वित्तीय सहायता दी जाती है ।

145. भूमिका :- निर्यात संवर्धन परिषदों की मुख्य भूमिका उच्च स्तर के माल के विश्वसनीय सप्लाईकर्ता और सेवाएं देने के लिए भारत के प्रतिविम्ब को प्रस्तुत करना है । विशेषत: निर्यात संवर्धन परिषदें । निर्यातकों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मानकों एवं विशिष्टियों के संवर्धन तथा मानीटरिंग के प्रेक्षणों का कार्य करेंगी । उन्हें माल और सेवाओं के लिए

अंतर्राष्ट्रीय मार्किटों में अवसरों और रूझों पर नजर रखनी होगी और निर्यातों के विस्तार तथा विविधता लाने के उद्देश्य से ऐसे अवसरों का लाभ उठाने में अपने सदस्यों की सहायता करेंगी।

146. कर्तव्य.—निर्यात संवर्धन परिषदों के मुख्य कार्य निम्न प्रकार है :—

(क) अपने सदस्यों की उनके निर्यातों में विस्तार तथा वृद्धि करने में सहायता करना तथा वाणिज्यिक लाभकारी सूचनाएं उपलब्ध कराना।

(ख) अपने सदस्यों को प्रौद्योगिकी प्रोन्नति, गुणवत्ता तथा डिजाईन सुधार, मानक तथा विशिष्टियों, उत्पाद-विकास नवीन प्रक्रिया और अन्य ऐसे मामलों में व्यावसायिक परामर्श देना।

(ग) विदेशी बाजार का अध्ययन करने के लिए विदेशों में अपने सदस्यों के प्रतिनिधिमण्डलों के दौरों को आयोजित करना।

(घ) भारत तथा विदेशों में व्यापार मेलों, प्रदर्शनियों तथा खरीद-फरोक्त की गोष्ठियों में भाग लेने के प्रबन्ध करना।

(ङ) केन्द्र एवं राज्य दोनों स्तरों पर निर्यातक समुदाय एवं सरकार के बीच पारस्परिकता को बढ़ाना।

(च) देश के निर्यातों एवं आयातों, अपने सदस्यों के निर्यातों एवं आयातों के साथ-साथ अन्य सम्बद्ध अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संबंधी आकड़ों की व्यवस्था करना तथा सांख्यिकीय आधार का निर्माण करना।

147. सदस्यता.—कोई भी निर्यातक/आयातक निर्यात संवर्धन परिषद का सदस्य बनने के लिए आवेदन कर सकता है और निर्यात संवर्धन परिषद के नियमों एवं विनियमों के अनुसार एक महीने के अंदर ऐसे आवेदन पर विचार एवं उसका निबटान किया जाएगा। सदस्यता प्राप्त होने पर आवेदक को एकदम एक पंजीकरण सहसदस्यता प्रमाण-पत्र (आरसी एम सी) दिया जाएगा।

148. व्यावसायिक संस्थाएं.—निर्यातों में वृद्धि करने के लिए अपने उत्तरदायित्व को निभाने के उद्देश्य से यह महत्वपूर्ण है कि निर्यात संवर्धन परिषदें व्यावसायिक संस्थाओं के रूप में कार्य करें। इस उद्देश्य के लिए ऐसें कार्यकारी अधिकारियों को जिन्हें व्यावसायिक ज्ञान एवं उद्योग, वाणिज्य तथा अंतर्राष्ट्रीय मार्किटिंग में अनुभव हो, निर्यात संवर्धन परिषदों में लाया जाना चाहिए।

149. स्वायत्ता निर्यात.—संवर्धन परिषदें स्वायत्तशासी होंगी। और अपने कामों को स्वयं विनियमित करेंगी। उन्हें बिक्री दलों अथवा प्रतिनिधियों को मेलों/प्रदर्शनियों आदि में भाग लेने के लिए विदेशों में भेजने हेतु सरकार की मंजूरी लेना अपेक्षित नहीं होगा। सरकार केवल निर्यात संवर्धन परिषदों की वार्षिक योजनाओं एवं बजट को ही स्वीकृति देगी तथा उनके कार्य निष्पादन का प्रबोधन एवं मूल्यांकन करेगी। वाणिज्य/वस्त्र मंत्रालय/इलैक्ट्रानिकी विभाग वर्ष में दो बार प्रथमतः वार्षिक योजना एव बजट की स्वीकृति के लिए और दूसरी बार वर्ष के बीच में समीक्षा करने के लिए संबंधित परिषद की प्रबन्ध समिति के साथ परस्पर कार्यवाही करेंगे।

150. समर्थन के लिए शर्तें.—निर्यात संवर्धन परिषदों को सरकार द्वारा दिया गया समर्थन, धनराशि के रूप में अथवा अन्य किसी प्रकार का निम्न पर निर्भर करेगा।

(क) उनको सौंपे गए कार्यों का प्रभावी तरीके से निष्पादन।

(ख) निर्यात संवर्धन परिषदों की सदस्यता का लोकतांत्रिकरण।

(ग) नियमित अन्तरालों पर लोकतांत्रिक रूप से निर्यात संवर्धन परिषद के पदाधिकारियों का चुनाव करना, और

(घ) निर्यात संवर्धन परिषद के लेखों की समय पर लेखा परीक्षा कराना।

अध्याय—चौदह

गुणवत्ता

151. गुणवत्ता के प्रति जागरूकता अभियान.—भारत सरकार की नीति अपने उत्पादों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत गुणवत्ता के मानदण्डों को प्राप्त करने के लिए विनिर्माताओं और निर्यातकों को प्रोत्साहित करने की है। भारत सरकार गुणवत्ता जागरूकता पर एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम बनाने और कुल गुणवत्ता प्रबंध के विचार को बढ़ावा देने के लिए उद्योग और व्यापार संस्थानों के लिए सुविधा और समर्थन में बढ़ोत्तरी करेगी।

